CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 81,373.75
निफ्टी 24,716.60
सोना 99,415
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 3 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 62 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बांग्लादेश ने करेंसी से पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# JEE एडवांस्ड: रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

## सक्षम जिंदल की दूसरी व माजिद मुजाहिद की आई तीसरी रैंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है।

कोटा से रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। रजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। वहीं तीसरे नंबर पर माजिद मुजाहिद हुसैन ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वहीं टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी। रजित के टॉपर आने के -**शेष पृष्ठ दो पर**



रजित गुप्ता



सक्षम जिंदल



माजिद मुजाहिद

■ **पूरे देश में कोटा ने किया टॉप, रजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय मां-पिता को दिया**

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** जेईई एडवांस्ड के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

# नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **बढ़ाई जा रही परीक्षा केंद्रों की संख्या, जल्द आएगी नई तिथि**

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की तैयारी के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2025) परीक्षा स्थगित कर दी है।

बोर्ड ने अभी तक संशोधित परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एनबीईएमएस को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा केंद्रों को सुनिश्चित करते हुए एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन करने के लिए, एनबीईएमएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने और अदालत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले 15 जून को यह परीक्षा आयोजित होने वाली थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि वे नीट-पीजी 2025 परीक्षा को एक पाली में आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें, यह सुनिश्चित करें कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए।

### सद्गुरु के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स एआई तकनीक के जरिये सदगुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सदगुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिल्कुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे।

# कोरोना के विकराल होते हालात पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

## देश में कोरोना से 24 घंटे में छह की मौत, अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

अदालत डा. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया। पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें। 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले**

### दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 436 मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से 357 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 91 मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई।

# सिक्किम लैंडस्लाइड में तीन जवान शहीद

## तीनों के शव बरामद, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रविवार को रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

■ **पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई**

### राज्यसभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए असम और तमिलनाडु से आठ सीटों के 19 जून को कराए जाने वाले चुनाव की अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गई। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जाएगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

# कटरा-कश्मीर रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता

**जम्मू-कश्मीर** में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुए भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी खड्ड पुल पर पहुंच कर उसका भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बाद में कटरा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय श्री मोदी कटरा से श्रीनगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे।



■ **पीएम मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खड्ड रेल पुल का उद्घाटन करेंगे**

# चेन्नई: अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

महिला कोर्ट की जज एम. राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिसम्बर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसम्बर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था।

■ **30 साल जेल में रहना होगा**

# इंडिगो विमान से पक्षी टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (एयरबस 320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आरआर मौर्य के अनुसार तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते। यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

■ **बाल-बाल बचे 175 यात्री**







# भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रही: मदनी

आजमगढ़, वार्ता



■ उलमा-ए-हिद अध्यक्ष ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताया

■ उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला

जमीअत उलमा-ए-हिद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार समाज में नफरत फैलाने की दिशा में काम कर रही हैं।

मौलाना मदनी ने रविवार देर रात 'मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' के तहत आजमगढ़ के सरायमीर कस्बे में मदरसा संचालकों को संबो. धित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी सरकार मदरसों पर कार्रवाई कर रही है । जिन मदरसों के कागजात ठीक है उन पर कार्रवाई अनुचित है, जिनके ठीक नहीं है उन्हें ठीक कराया जाए मदरसों में इल्म देने का काम किया जाता है। प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है, जिसे लेकर मुसलमानों में चिंता और भय वातावरण है। उन्होंने मदरसा संचालकों से कहा कि मदरसों को भी चलाने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ही मदरसे चलाएं।

मौलाना मदनी ने कहा कि मदरसों के खिलाफ कार्रवाई खासकर उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला है। जमीअत उलमा-ए-हिद उसके खिलाफ कानूनी संघर्ष कर रही है। यह बात इतिहास की पुस्तकों में दर्ज है कि अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने का संघर्ष उलमा ने ही शुरू किया था। यह उलमा मदरसों की ही पैदावार थे। यही नहीं दारुल उलूम देवबंद की स्थापना ही इसलिए की गई थी, ताकि अंग्रेघें के खिलाफ संघर्ष करने और देश को आजाद कराने के लिए कार्यकर्ता पैदा किए जाएं। जो लोग मदरसों के खिलाफ यह सब कर रहे हैं वो लोग मदरसों की भूमिका से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टियों को ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जो देश अमन चैन के लिए अच्छा ना हो। जो सरकार प्यार मोहब्बत के खिलाफ काम करती है, वह खराब सरकार है। जो लोग मदरसों को तोड़ रहे हैं वह गलत है। मदरसों को मौका देना चाहिए।

## नाबालिग दुष्कर्म मामलों की जवाबदेही तय करे बिहार सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और महिलाओं और खासकर बच्चियों के साथ आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए राज्य सरकार को चुप्पी साधने की बजाए इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुशासन काल चल रहा है। राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है और लगातार बच्चियों के यौन शोषण की घटनाएं सामने आ रही हैं और जवाबदेही मुख्यमंत्री की भी है इसलिए बिहार सरकार को इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी होनी चाहिए, लेकिन फांसी होती क्यों नहीं है, हम यही सवाल बार-बार पूछ रहे हैं।

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है: खुर्शीद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से हटकर दिया बयान

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा- जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं। यह दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। 1 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए। सलमान खुर्शीद जदयू सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं जो ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेशी दौरे पर हैं। उनका डेलिगेशन अभी तक इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर चुका है। फिलहाल मलेशिया में है। डेलिगेशन का मलेशिया दौरा बाकी है। ए 21 मई को रवाना हुआ था। इसमें भाजपा सांसद बृज लाल, प्रदान बरुआ, हेमंग जोशी और अपराजिता सारंगी, ज्डब सांसद अभिषेक बनर्जी, ब्च्प्ड सांसद जान ब्रिटास और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुद की तारीफ करने की जगह दुश्मन पर फोकस करना चाहिए। उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। पीएम या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है। सलमान खुर्शीद ने 1 मई को मलेशिया के कुआलालंपुर में कहा था। भारत का आल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में कार-ट्रक में टक्कर चार मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बारा. बंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबा के निकट सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में तीन पुरुष और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सभी कार सवार कानपुर से गोंडा जा रहे थे। घटना में नौ और 10 वर्ष के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में एक की पहचान 23 वर्षीय अयान कुरैशी के रूप में हुई है। वह गोंडा के इमामबाड़ा कोतवाली नगर का रहने वाला था। अन्य दो पुरुषों और एक महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर कर रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में सदा से ही अंतर रहा है। एक बार फिर से भाजपा ने इस बात को सिद्ध कर दिया है। भाजपा ने गरीब झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई है, तो मकान देने के बजाय उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर इन गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है।

### जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह से हड़कंप

**जम्मू।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम होने की एक फोन काल से रविवार शाम हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने आज सुबह यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जम्मू रेलवे स्टेशन पर बम या विस्फोटक होने की बात कही।

# मायावती ने चंद्रशेखर को लिया निशाने पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: आकाश को मुख्य कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बेचैनी स्वाभाविक

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है।

सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि आनंद बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनो का साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। लोग सावधान रहें।

## उप्र में संगठित अपराधों पर नकेल कसेंगे नवनियुक्त डीजीपी

# महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता: राजीव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी, संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

सूबे के पुलिस प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में कृष्णा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व करने का विश्वास जताने के लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं और यूपी पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीरो टॉलरेंस की नीति कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। कृष्णा ने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। पुलिस प्रमुख ने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी और हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरे और वितरण में और सुधार किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में, हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहे।

### एआई उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा


**लखनऊ।** उन्होंने कहा कि लिसिग के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मी है। उनके कौशल और ज्ञान की पहचान की जाएगी और उपरोक्त सभी लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा, जिससे बल के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कृष्णा ने कहा कि पुलिसिंग के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआईद्ध का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

एआई हमारे उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे हम डेटा- संचालित उचित निर्णय लेने और अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है, जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। उनका प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े मजबूत रहने के बावजूद अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आठ समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.26 अंक उतरकर 81,373.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.10 अंक फिसलकर 24716.60 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,396. 40 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 52,599.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4287 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में बिकवाली जबकि 2128 में लिवाली हुई, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 3014 कंपनियों के शेयरों में से 1402 में गिरावट जबकि 1529 में तेजी रही, वहीं 83 में टिकाव रहा। बीएसई में कुल आठ समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.18, ऊर्जा 0.13, आईटी 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0. 40, धातु 0.58, तेल एवं गैस 0.13, टेक 0.45 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, एफएमसीजी 0.65, यूटिलिटीज 0.57, रियल्टी 2.38 और सर्विसेज समूह 1.20 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 1.30, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक लुढ़ककर 81,214.42 अंक पर खुला और भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 80,654.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,474.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## नीतिगत दरों में हो आधी फीसदी की कमी

**नई दिल्ली।** बढ़ते संरक्षणवाद और भू राजनीतिक तनाव से उत्पन्न चुनौतियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आ रही सुस्ती को ध्यान में रखते हुए घेरलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और निर्यात को गति देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति से नीतिगत दरों में आधी फीसदी की कटौती करने की उम्मीद की जा रही है। मई 2022 के बाद फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में फिर से 0.25 प्रतिशत की कमी की गयी है। इन दो कटौतियों से आम लोगों विशेषकर आवास ऋण और नए व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण लेने वालों को राहत मिली है क्योंकि बैंकों ने कटौतियों के लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है।

# अधिकांश खाद्य तेल महंगे, दालें हुईं सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए, जबकि दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3888 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेज़ी के साथ 47.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 366 रुपए, सोया रिफाइंड 147 रुपए और पाम ऑयल 146 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल 183 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, वहीं सरसों तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9100-9200, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 17215 रुपए, सोया रिफाइंड 15018 रुपए, पाम ऑयल 13773 रुपए और वनस्पति तेल 16007 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## पूर्वोत्तर में बाढ़ की तबाही चिंताजनक, भाजपा ने नहीं निभाया वादा: खड़गे-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किया गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**JEE एडवांस्ड...** बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर है। अपनी सफलता पर रजित ने बताया कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था'। रजित कोटा के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 पर्सेंटाइल एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 16 हासिल की थी। रजित ने 10वीं कक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। रजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। डाउट्स क्लीयर होने के बाद ही वे टॉपिक में आगे पढ़ते थे।

**कोरोना के...** न रहने की बात कही गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता



■ विकसित भारत का संकल्प विकसित कृषि और समृद्ध किसान से पूरा होगा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के प्रसिद्ध और लोकप्रिय फल लीची पर शोध करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को इसके बेहतर दाम मिल सके।

चौहान ने सोमवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के पांचवें दिन बिहार के पूर्वी चंपारण में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। विकसित भारत का संकल्प, विकसित कृषि और समृद्ध किसान से मिलकर ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद किया जिसमें लीची के किसानों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है। इस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिए गए हैं जिससे लीची जल्दी खराब नहीं हो और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। उन्होंने इसके लिए 'कोल्ड स्टोरेज[ की संख्या में वृद्धि की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्का की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपए के बीच प्रति क्विटल मक्का बिकता था। इथेनॉल के कारण मक्के के दाम में वृद्धि हुई है। पहले जहां मक्का प्रति हेक्टेयर 23 से 24 क्विटल था वहीं बढ़कर अब 50 से 60 क्विटल प्रति हेक्टेयर हो गया है। बासमती चावल के साथ-साथ चावल की अन्य किस्मों में भी उत्पादन वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों को शोध करने एवं उन्नत किस्म के बीज विकसित करने के निर्देश देते हुए श्री चौहान ने कहा कि बिहार में किसानों के पास छोटे-छोटे खेत है, लेकिन इसके बावजूद बिहार के किसान धरती से सोना उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सौतन के गर्दन पर चाकू से वार कर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक तो सौतन ऊपर से हर रोज किसी न किसी वजह से झगड़े से परेशान होकर एक महिला ने जामिया नगर इलाके में अपनी सौतन की पेट और गर्दन पर किचन चाकू से कई वार करके हत्या कर दी। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार करके वारदात में इस्तेमाल चाकू भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक महिला की पहचान नस्बू के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ बटाला हाऊस स्थित एक बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर रहती थी। परिवार में पति अंसार खान, सौतन अफसरी और उसके तीन बच्चे हैं। अंसार खान दुबई में रहता है और नौकरी करता है। जामिया नगर पुलिस को सुबह करीब चार बजकर २५ मिनट पर महिला कॉलर द्वारा एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि उसके घर में दो चोर घुस आए हैं। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कमरे में घुसते ही एक महिला का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। जिसके चाकू के कई निशान थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। फॉरेंसिक टीम की सहायता से सबूत इक्ट्ठा किये। महिला कॉलर अफसरी ने बताया कि घर में दो चोर घुसे थे। बदमाशों जब चोरी कर रहे थे। उसकी सौतन नस्बू ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की थी।

हाथापाई के बीच बदमाशों ने नस्बू पर चाकू से कई वार किये थे। उसके चिल्लाने पर बदमाश फरार हो गए थे। पुलिस ने अफसरी के बयान दर्ज किये। लेकिन कमरे में जिस तरह के बयान दिये गए थे। उस जैसा कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। पुलिस को शक हुआ। बिल्डिंग के आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें कोई संदिग्ध बिल्डिंग में भी आता जाता दिखाई नहीं दिया। कमरे में रखा सामान भी सही तरह से रखा हुआ था। गेट, खिडकी और अन्य किसी भी जगह पर कोई संदिग्ध निशान नहीं मिला। महिला अफसरी से जब सख्ती से पूछताछ की। उसने नस्बू की चाकू गोदकर हत्या करने की बात मानी। पूछताछ करने पर पता चला कि उसके और मृतक नस्बू के बीच में अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। पति अंसार ने उसकी बिना मर्जी से नस्बू से दूसरी शादी की थी। जिसको लेकर काफी झगड़ा भी हुआ था। वह नस्बू को शुरू से ही पसंद नहीं करती थी। पति भी नस्बू को एक ही घर में छोडकर दुबई चला गया था। तभी से वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी। नस्बू से भी झगड़ा होने लगा था।

हत्या से पहले दोनों में एक बार फिर से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। नस्बू अपने कमरे में सोने चली गई थी। वह रात को बच्चों के साथ सोई नहीं थी। उसने रोज रोज के झगड़े से परेशान होकर उसकी हत्या करने की सोचकर उसके कमरे में किचन चाकू लेकर गई और उसपर एक के बाद एक गर्दन और पेट पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी थी।

## बाटला हाउस संपत्ति मालिकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जामिया नगर के बटला हाउस में संपत्ति मालिकों को जारी किए गए ध्वस्तीकरण नोटिस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। साथ ही याचिकाकर्ताओं से उचित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। बटला हाउस में संपत्ति के मालिक ४० निवासियों ने ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाने की मांग की।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई जुलाई में तय की। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है कि जुलाई में कोर्ट खुलने के बाद एक नियमित पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। जो परिवार प्रभावित होने वाले थे, उन्हें पीएम-उदय के तहत आवेदन दाखिल करने के लिए कहा गया है। आगे कहा कि यह बस्ती पिछले ४० सालों से है और अब अनधिकृत रूप से नियमित कर दी गई है। कॉलोनी पहले से ही संरक्षित है। डीडीए ने गलत तरीके से पिक एंड चूज का तरीका अपनाया है और गलत रिपोर्ट दी है।

# शराबियों की दबंगई से महिलाएं परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**धामपुर।** शहर के सूर्य नगर कॉलोनी के निवासियों ने जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग की है। कॉलोनीवासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि शराब की दुकान के चलते क्षेत्र की महिलाओं, बच्चियों और बुजुर्गों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जैतरा रेलवे फाटक के पास स्थित देशी शराब की दुकान (हट्टी संख्या-2) से शराब खरीदने वाले लोग आस-पास खड़े वाहनों की आड़ में खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। कुछ असामाजिक तत्व रेलवे लाइन किनारे भांग पीते हैं और धूम्रपान भी करते हैं। यह स्थिति सुबह से लेकर देर शाम तक बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अक्सर शराबियों को नशे में धुत होकर सड़क पर उल्टी करते या मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा जाता है। महिलाओं ने बताया कि कई बार शराबी अभद्र टिप्पणियाँ भी कसते हैं, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पास ही एक मंदिर है, जहां जाने के लिए यही मार्ग है। शराबियों की उपस्थिति के कारण महिलाएं और बुजुर्ग वहां जाने से कतराने लगे हैं। साथ ही बच्चों पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि उक्त शराब की दुकान को धार्मिक स्थल और रिहायशी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित किया जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## एक नजर

### मद्रासी कैंप में बेघर हुए लोगों के लिए तमिलनाडु सरकार ने किया ऐलान, लोगों जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जंगपुरा स्थित मद्रासी कैंप में बीते रविवार को कोर्ट के आद. ेश पर बुलडोजर चला और करीब ३७० अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। जिसके बाद तमिलनाडु सरकार ने मद्रासी कैंप में रह रहे लोगों को मदद देने के लिए घोषणा की है। तमिलनाडु सरकार मद्रासी कैंप के उन निवासियों की सहायता करेगी, जो तमिलनाडु में अपने मूल जिलों में वापस जाना चाहते हैं। साथ ही आजीविका और अन्य आवश्यक आवश्यकताओं के लिए उन्हें सहायता देगी। दिल्ली में रहने वाले तमिल ने तमिलनाडु सरकार की ओर से मदद की पेशकश पर कहा कि उन्हें अभी मद्रास में पहले से मौजूद लोगों को नौकरी देनी चाहिए, और फिर उन्हें हमें बुलाना चाहिए। लोग वहां क्यों भटक रहे हैं? पहले उन्हें तमिलनाडु को संभालना चाहिए, फिर उन्हें दिल्ली को देखना चाहिए। अगर उन्होंने हमें नौकरी दी होती, तो हम तमिलनाडु से दिल्ली क्यों आते। तमिलनाडु के रहने वाले एक शख्स ने कहा कि अगर वे हमें नौकरी और घर देते हैं तो हम वापस तमिलनाडु चले जाएंगे। हमें विश्वास है कि एमके स्टेनिक ऐसा करेंगे अगर वे ऐसा कहते हैं। हम यहां मजदूरी का काम करते हैं। हमें जो भी काम दिया जाएगा, हम करेंगे।

### बींग ह्युमन क्लोदिंग ने लॉन्च किया एसएस 25 कैंपेन

**नई दिल्ली।** बींग ह्युमन क्लोदिंग ने अपने एसएस 25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस२५ एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्राण्ड वायओडीए (यूथ ओर्गेनाइजेशन इन डीफेंस ऑफ एनिमल्स) जैसे संगठनों के साथ साझेदारी में बेजुब्बान जानवरों की सुरक्षा के लिए भी कार्यरत है। कैंपेन पर बात करते हुए आर्यन अग्निहोत्री, एक्जक्टिव डायरेक्टर, बींग ह्युमन क्लोदिंग ने कहा, ''एसएस २५ फैशन को सजग बनाने के हमारे मिशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। हम हमेशा से सजग विकल्पों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं, फिर चाहे हमारे परिधानों को बनाने का तरीका हो या समाज के प्रति कुछ करने का नजरिया।

### 42वें वैचारिक क्रांति शिविर का समापन



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय दयानन्द सेवाश्रम संघ द्वारा आयोजित ४२वें वैचारिक क्रांति शिविर का भव्य समापन जे.बी.एम. ग्रुप के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार आर्य की अध्यक्षता में डॉ. अम्बेडकर इण्टरनेशनल सेंटर जनपथ, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। जिसमें गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि रहे। आचार्य जी ने शिविरार्थियों को जीवन में वैदिक मूल्यों को अपनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के संवाहक बनने का संदेश दिया। समापन शिविर में दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य, महामंत्री विनय आर्य संघ कार्यवाहक अनिल गुप्ता, आई.जी. , एन.एस. जी दीपक केडिया ने भी शिविर में प्रेरक विचार रखे।

### संत निरंकारी मिशन ने चलाया वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान



**नई दिल्ली।** प्रकृति मानव जीवन की सदा-संगीनी रही है, उसकी छांव में सभ्यताओं ने आकार लिया, संस्कृतियाँ पनपीं और जीवन निरंतर रूप से विकसित होता रहा। किंतु जब मानवीय स्वार्थ ने संतुलन का दायरा लांघा, तब इस जीवनदायिनी प्रकृति को क्षतिग्रस्त होना पड़ा। मानव शायद यह भूल जाता है कि वह स्वयं भी इसी प्रकृति का ही एक अंग है। आज, पर्यावरणीय संकट की गूंज वैश्विक चेतना को झकझोर रही है और इसी अनुभूति के तहत संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष ५ जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित किया जाता है। इस वैश्विक पहल से प्रेरणा लेते हुए, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के लो. कमंगलकारी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' को केंद्र में रखते हुए देशभर के १८ प्रमुख पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर ५ जून को प्रात: ८:०० से दोपहर २:०० बजे तक एक व्यापक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रही है।

### कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली।** सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा में वेलमैन फाउंडेशन के नए कौशल विकास केंद्र का उद्घाटन शिक्षाविद और पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर जे. एस. राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रहमान और डॉ. पूनम के मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में वेलमैन फाउंडेशन के निदेशक तैयब हुसैन, शिल्पी जी, अजय प्रताप सिंह, बृजेश सिरोही, आलोक, श्री रवि, शांति शेखर, प्रभात और प्रभात पाठक सहित वेलमैन फाउंडेशन परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, संस्था के कार्यकर्ताओं में स्मृति, शमीम बानो, शानम मोईन, जमां मोहम्मद, वालंटियर मोहम्मद हसन, मोहम्मद हुसैन, संजीद अमन, कंचन, रिया, अरमान और ताहिर अली भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर जे. एस. राजपूत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के वंचित समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि एक भी गरीब परिवार का बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ता है, तो समाज के समग्र विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।



शिक्षा मंत्री आशीष सूद नरेला विधानसभा क्षेत्र का स्थानीय विधायक, शिक्षा निदेशक व अन्य विभागों के अधिकारी के साथ निरीक्षण करते हुए।

# दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने नरेला विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नरेला विधानसभा क्षेत्र का स्थानीय विधायक, शिक्षा निदेशक, और अन्य विभागों के अधिकारी के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सबसे पहले नरेला दमकल केंद्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को कहा की वह वर्षो से अनुपयोगी दमकल केंद को शीघ्रता से साफ सफाई और शेष निर्माण कार्य पूरा कर इसको प्रयोग में लाएं। यह दमकल केंद्र पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण चालू नही किया गया था। मंत्री ने अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नरेला के दमकल केंद्र में एक बड़ी और एक छोटी फायर गाड़ी को शीघ्र तैनात करें क्योंकि यह जगह छोटी है और उसके आसपास बाजार भी लगता है इसलिए यहां पर दुर्घटना के समय बड़ी गाड़ी मौके पर नहीं जा पाएगी।

मंत्री ने बांकनेर में शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित स्कूल की स्थिति की भी जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने मंत्री को बताया की जिस जगह स्कूल बनाया जाएगा वह जगह स्कूल बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है।

यह ग्राम सभा की भूमि है। साथ ही स्वंत्रत नगर से यह जगह ४ किलोमीटर की दूरी पर है जहाँ से इस जगह बच्चे आसानी से नहीं पहुँच पाएंगे। स्थानीय लोगों ने मंत्री को यह भी बताया की बरसात के दिनों में इस जगह पानी भी भर जाता है जिससे यहाँ आना जाना मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ साथ इस जगह पहुचने के लिए कोई सुगम रास्ता भी नही है जिस कारण लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित नही की जा सकती। मंत्री ने कहा की पिछली सरकार ने क्या सोच कर बांकनेर में इस जगह पर स्कूल बनाने की अनुमति दी थी। वो लोग किन लोगों को खुश करने के लिए गाँव वालों की बात को भी अनसुना कर रहे थे। मंत्री ने ग्रामीणों की शिकायत और सुझाव को मानते हुए शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए की वह बांकनेर में प्रस्तावित स्कूल की जगह को रदद् करके आस पास का कोई उपयुक्त स्थान स्कूल बनाने के लिए तलाश करें और एक सप्ताह में सारी कार्यवाही से मंत्री को अवगत कराएं।

# अब दिल्ली में दोषारोपण नहीं सिर्फ काम: प्रवेश साहिब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी ,जल और सिंचाई मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा है कि अब दिल्ली में सरकारों के बीच टकराव और दोषारोपण का दौर खघ्त्म हो गया है। केंद्र, दिल्ली सरकार और एमसीडीख्र तीनों जगह भाजपा की सरकार होने के चलते सभी विभाग आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं और इसका असर जनता तक सीधे पहुँच रहा है।उन्होंने कहा कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा अब तक दिल्ली के बड़े नालों से १५ लाख मीट्रिक टन सिल्ट हटाई जा चुकी है।प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि "नालों की सफाई के साथ-साथ उन पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान पानी का बहाव बाधित न हो।" इस काम की गति बढ़ाने के लिए विभाग में १५६ नई पोस्ट स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़कों और ड्रेनों के रख-रखाव के लिए नए समग्र टेंडर सिस्टम की शुरुआत की है। इसके तहत ३५ पैकेजों में ड्रेन की सफाई, हर पैकेज के लिए अलग-अलग टेंडर होगे

३५% काम पूर्ण, शेष के लिए १५ जून डेडलाइन तय अब तक १०० किमी सड़कें री-सर्फेस की गई है ९०% डार्क स्पॉट दुरुस्त किए गए २,५०० नई स्ट्रीट लाइट्स लगाई गई है। प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि नए टेंडरों से (मध्यस्थता) क्लॉज हटा दिया गया है, जिससे बरा पुल्ला फ्लाईओवर जैसे मामलों में हुए नुकसान से सबक लेते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाई जा सके।जल बोर्ड में एकीकृत नियंत्रण प्रणाली लाई जा रही है। 'वन सिटी, वन कंट्रोल रूम, वन नंबर', जिससे किसी भी समस्या का तेज समाधान हो सके।साहिब सिंह ने घोषणा करते हुए कहा कि अब पानी का वितरण जनसंख्या के आधार पर होगा।अवैध वाटर टेपिंग की पहचान की गई है, उस पर कार्यवाही चल रही है जल्द घोषित होगी घरेलू जल बिलों में लगभग ९०% तक की राहत दी जाएगी। इसके साथ ही सीवरेज मास्टर प्लान पर काम चल रहा है। इसके लिए एक वैश्विक टेंडर जारी किया जाएगा।बिलिंग सिस्टम को भी अपग्रेड किया जा रहा है। नया सॉफ्टवेयर बन रहा है और तकनीकी समस्याओं को दूर किया जा रहा है। सरकार ने ऐलान किया है कि २०२७ तक दिल्ली की सभी १८०० अनधिकृत कॉलोनियों में सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि "पहली बार इस स्तर पर इतना बड़ा लक्ष्य तय किया गया है और उसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

# जमीयत उलमा हिंद के डेलिगेशन ने गैस गोदाम हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा हिंद के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में एक डेलिगेशन ने सुंदर नगरी गैस गोदाम हादसे के पीड़ितों से मुलाक. ात की। इस मौके पर मौलाना हकीमुद्दीन साहब ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि वह दुख की इस घड़ी में उनके साथ हैं और जमीयत उलेमा हिंद की तरफ से उनको जो भी मुमकिन मदद होगी वह पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली सरकार से भी यह मांग करते हैं कि इस पीड़ित परिवार की ज्यादा से ज्यादा मदद की जाए।

इस अवसर पर अंजुमन फरोग ए अदब के जनरल सेक्रेटरी मतलूब राणा ने बताया कि पीड़ित परिवार के तीन बच्चे इस हादसे में पूरी तरह झुलस गए थे जिनमें से दो की मौत हो गई है, जिन्हें आज सुंदर नगरी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खघक किया गया, वहीं तीसरा बच्चा जिंदगी और मौत की जंग जीटीवी हॉस्पिटल में लड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार यूपी के अनूप शहर से ६ महीने पहले ही यहां मजदूरी के लिए आया था लेकिन इस हादसे ने उसे बुरी तरह से तोड़ दिया है। इस अवसर पर जमीयत उलमा हिंद की तरफ से मुफ्ती जाकिर, मौलाना अखलाक, कारी अब्दुल बासित सचिव दिल्ली जमीयत, मौलाना गुलफाम कासमी, कारी शौकीन, कारी अय्यूब, हाजी शकील, हाजी नसीम, मोहम्मद यामीन वगैरा भी इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे, जिन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनकी हिम्मत बंधने का काम किया और इलाकाई लोगों से अमन शांति बनाए रखने की अपील की।

# दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिला के साथ दुष्कर्म कर उसे ब्लैकमेल करने के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई न करने को लेकर कड़कड़डूमा कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने न्यू उसमानपुर जांच अधिकारी (आईओ) से मामले को लेकर अब तक की गई जांच के बारे में रिपोर्ट तलब की है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमोल नोहरिया ने आईओ को ११ जून को अदालत को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा है।

रिपोर्ट में यह भी बताने के लिए कहा है कि इतने गंभीर मामले में थाना प्रभारी (एसएचओ) को आरोपपत्र दाखिल करने में कितना समय लगेगा। यही नहीं, अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि पीड़िता से ब्लैकमेल के माध्यम से प्राप्त रकम को लेकर कोई साक्ष्य है। पीड़िता के वकील प्रदीप चौहान ने अदालत को बताया कि संबंधित आईओ के सामने लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आवेदक को आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। आरोपी अभी भी आवेदक को परेशान कर रहा है। यही नहीं, उन्होंने दावा किया कि १५ महीने से अधिक समय बीत चुका है और रिकॉर्ड पर पर्याप्त सबूत होने के बावजूद पुलिस ने सीमित समय के अंदर आरोप पत्र दाखिल नहीं किया है।

पीड़िता का कहना है कि उनका पति दूर के रिश्तेदार (आरोपी) के यहां कैटरिंग का काम करता था। आरोपी ने उसके पति को नशे का आदी बना दिया था। इस कारण घर का खर्चा पूरा नहीं हो रहा था। इस कारण उन्होंने बैंक से लोन लिया। इससे वह अपना घर सही करवाना चाहती थी, लेकिन आरोपी ने कहा कि उसे अपना काम बढ़ाने के लिए पैसों की जरूरत है।

ऐसे में पीड़िता ने फरवरी २०२३ में उसे ६ लाख २० हजार रुपये उधार दे दिए। जब आरोपी से महिला ने पैसे वापस मांगे तो उसने धमकी दी कि वह उसे और उसके परिवार को संगीन आरोप में फंसाने की धमकी दी। ऐसे में आरोपी ने उसका दुष्कर्म किया और ब्लैकमेल कर यौन उत्पीड़न करता रहा।

## तालकटोरा गोल चक्कर पर बनेगा घंटाघर, 27 मीटर होगी ऊंचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) तालकटोरा गोल चक्कर पर एक भव्य घंटा-घर का निर्माण करेगी। इस परियोजना को दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) से स्वीकृति मिल चुकी है। इससे लुटियन्स दिल्ली को एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। यह घंटा-घर लगभग २७ मीटर ऊंचा होगा और इसमें दो मीटर व्यास की घड़ी लगी होगी। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि यह संरचना अष्टकोणीय डिजाइन में होगी, जिसे आरसीसी (रिइनफोर्स्ड सीमेंट कंक्रीट) से निर्मित किया जाएगा और मिट्टी की ईंटों की परत से सजाया जाएगा। इसके चारों ओर ग्रेनाइट, स्टील रेलिंग और संगमरमर की सजावट की जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत १.३ करोड़ रुपये है और निर्माण कार्य दिसंबर २०२५ तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन-४७ और शहरों के सौंदर्यीकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की प्रेरणा से संचालित है। यह स्थापत्य राष्ट्रीय गौरव, सांस्कृतिक पहचान और शहरी सुंदरता का प्रतीक भी बनेगा।

# नेपाल से ट्रेन में आता है भारत में गांजा, तीन पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेपाल से ट्रैनों में ट्रॉली बैग में गांजा लाकर बिहार, पंजाब के रास्ते दिल्ली और एनसीआर में सप्लाई करने वाले अंतराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट के तीन सप्लायरों को द्वारका जिले के एंटी नारकोटिक्स सेल ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से १७६.९९६ किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी रामावतार की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद के निर्देशन में हेड कांस्टेबल कुलदीप की एक पुख्ता जानकारी के बाद द्वारका मेट्रो स्टेशन के पास से राजेश नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से ६.०६७ किलोग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह जे जी ब्लॉक विकासपुरी में किराए के घर में गांजा की खेप को रखता है। उसने होशियारपुर, पंजाब से ३०० किलोग्राम गांजा लेकर दिल्ली और एनसीआर में विभिन्न स्थानों पर गांजा की सप्लाई की थी। होशियारपुर, पंजाब में कृष्णानंद चौधरी रहता है। वह ट्रॉली बैग में ट्रेन के माध्यम से पंजाब के माध्यम से बिहार से गांजा की आपूर्ति की व्यवस्था करता है। उसकी निशानदेही पर सप्लायर कृष्णानंद चौधरी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्णानंद चौधरी ने बिहार से पंजाब के रास्ते गांजा लाकर दिल्ली/एनसीआर में सप्लाई करने की बात मानी।

## घर से भागकर की लड़की ने की शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत पांच महीने से लापता एक लडकी को तलाशकर उसके परिजनों से मिलवाया है। जिसको तलाशने के लिये दिल्ली पुलिस ने बीस हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल २६ दिसम्बर को नरेला से लडकी अचानक घर से लापता हो गई थी। जिसको उसके परिवार वालों ने काफी तलाशा था। एसीपी नरेन्द्र सिंह की देखरेख में इंसपेक्टर संदीप स्वामी के निर्देशन में पुलिस टीम ने संदिग्धों से संबंधित कई कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच की। हेड कांस्टेबल सीमा कल्याण की पुख्ता जानकारी के बाद सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन से तलाश लिया।

# नृत्य मंजरी सम्मान 2025 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्यारेलाल भवन सभागार में रविवार को 'नृत्य मंजरी सम्मान २०२५' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नगर से विधायक और भाजपा नेता अभय वर्मा उपस्थित रहे।

साथ ही सुप्रसिद्ध नृत्यांगना गुरु जय लक्ष्मी और पद्मश्री से सम्मानित गुरु गीता मलिक की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने शास्त्रीय, अर्धशास्त्रीय और लोक नृत्यों की रंगा. रंग प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। नृत्य प्रदर्शन में नृत्य की शुद्धता, भाव-भंगिमा और तालमेल स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जिसे दर्शकों ने बार-बार तालियों से सराहा।

**नृत्य कला के समर्पित गुरु:** सुशांत महाराणा और नीलम महाराणा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में नृत्य का एक विशेष स्थान रहा है, और इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं सुशांत महाराणा और नीलम महाराणा। ये दोनों नृत्याचार्य वर्षों से बच्चों को नृत्य की बारीकियां सिखा रहे हैं। इनकी शिक्षा पद्धति में अनुशासन, लयबद्धता और आत्म-अभिव्यक्ति पर विशेष बल दिया जाता है। सुशांत महाराणा जहाँ शास्त्रीय और समकालीन नृत्य शैलियों में दक्ष हैं, वहीं नीलम महाराणा भाव-भंगिमा और भावनात्मक प्रस्तुति में बच्चों का मार्गदर्शन करती हैं। इनका उद्देश्य नृत्य को केवल एक कला नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बनाना है।

इस अवसर पर रिदम अरोड़ा,परल चौधरी, प्रियंका महाराणा, निष्ठा चौहान, रिद्धि महादेव, वन्य भारती, तनुश्री दास, सुमित्रा भगत,श्रेया राजप. ूत, मिहिरात तोमर, दर्शी सोनी और कियारा गोला जैसी प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए 'नृत्य मंजरी सम्मान २०२५' से सम्मानित किया गया। गुरु गीता मलिक और गुरु जय लक्ष्मी ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नृत्य सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है, जिसे इन बच्चों ने बखूबी प्रस्तुत किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



### नायब तहसीलदार पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाने के मामले में आया नया मोड़

# आरोप लगाने वाले पर दूसरे पक्ष ने लगाया जमीन पर कब्जे का आरोप

**सच्चाई क्या है ये तो आगे ही स्पष्ट होगी लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में मामला आशु गुप्ता की जमीन पर इकबाल द्वारा कब्जा किया जाना ही प्रतीत होता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गत दिनों मोदीनगर तहसील में नियुक्त नायब तहसीलदार पर एक ग्रामीण ने जमीन का दाखिल खारिज करने के एवज में 10 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था उस मामले में अब विपक्षी आशु की शिकायत से संज्ञान में आया है कि आरोप लगाने वाले व्यक्ति ने खुद ही संबंधित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है व आरोप केवल अधिकारी पर दवाब बनाने के लिए लगाया गया है।

उक्त मामले में जानकारी मिली है कि इरफान व नफीस नामक व्यक्तियों ने आपस में 744 गज जमीन की अदला बदली की थी,जो जमीन इरफान ने नफीस से ली थी उस जमीन का दाखिल खारिज नही होने पर इरफान ने यही 744 गज भूमि का बैनामा कल्लू कुरैशी व इकबाल को कर दिया था, जमीन का दाखिल खारिज कराने पर जब नफीस का नाम आया तो कल्लू कुरैशी व इकबाल को इसका पता चला व उन्होंने इरफान से अपने बैनामे के पैसे वापिस लेकर यह शपथ पत्र दिया कि अब इस जमीन से उनका कोई संबंध नहीं रहा लेकिन इकबाल ने जमीन से कब्जा खाली नही किया।

अब इसी जमीन में से 500 गज पर इकबाल का कब्जा हटवाने की मांग को लेकर अंशु गुप्ता ने थाना दिवस में भोजपुर थाने में शिकायत की थी कि इस जमीन को उन्होंने गौरव बिरमानी से खरीदी थी लेकिन इकबाल उनकी जमीन की जगह पर उन्हें कब्रिस्तान से लगी हुई जमीन देना चाहता है, अंशु गुप्ता की शिकायत पर थाना दिवस में मौजूद नायब तहसीलदार भोजपुर सचिन पंवार ने इस की जांच करवा कर निर्णय लिया कि जो जमीन इकबाल आशु गुप्ता को देना चाहता है वह उनकी नही है उनकी जमीन वह है जिसपर इकबाल ने कब्जा किया हुआ है तो कब्जाई हुई जमीन हाथ से निकलने की आशंका को देखते हुए इकबाल ने नायब तहसीलदार पर ही रिश्वत मांगने का आरोप लगा दिया।

ताकि अधिकारी दवाब में आकर उनका कब्जा खाली ना करवाये। क्योंकि आरोप लगाने के अलावा इकबाल ने ऐसा कोई सबूत नहीं पेश किया जो उसके आरोप को साबित कर सके।

इसी बात की शिकायत आशु गुप्ता ने एसडीएम मोदीनगर से भी की है कि उन्हें उनकी सही जमीन पर कब्जा दिलवाया जाये। सच्चाई क्या है ये तो आगे ही स्पष्ट होगी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में मामला आशु गुप्ता की जमीन पर इकबाल द्वारा कब्जा किया जाना ही प्रतीत होता है। जिसमे अधिकारी पर आरोप शायद दवाब बनाने के लिए ही लगाया गया है? इस मामले पर एसडीएम मोदीनगर ने बताया कि इकबाल व आशु गुप्ता दोनो की शिकायत उन्हें प्राप्त हुई है जिसके लिए तहसीलदार को जॉच कर रिपोर्ट देने व आरोप लगाने वालों को सबूत पेश करने के लिये कहा गया है उसी के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।



**गाजियाबाद। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्रार्थियों की शिकायतें सुनी गई। इस दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट व आईएएस अयान जैन ( ट्रेनी ) भी उपस्थित रहे।**

## डीसीपी को पत्र लिख विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने की बकरीद पर पशु कटान न होने की मांग



**गाजियाबाद।** भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने आगामी 7 जून को मनाए जाने वाले बकरीद के मद्देनजर डीसीपी देहात जोन को एक पत्र लिखकर इलाके की संवे. दनशीलता और कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

विधायक ने अपने पत्र में लोनी क्षेत्र को एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के अंतर्गत बताया है, जिसके तहत जानवरों का कटान, मीट की दुकानें, कट्टी घरों का संचालन और हड्डी संग्रहण पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं।

विधायक गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा कि हम सभी धर्मों और उनकी मान्यताओं का सम्मान करते हैं, लेकिन लोनी क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस के तहत आता है। ऐसे में जानवरों का कटान करना कानूनी रूप से निषिद्ध है और यह राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। पूर्व में इस क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का एक लड़ाकू विमान भी गिर चुका है, जो इस इलाके की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी दावा किया कि उनके कार्यकर्ताओं को सूचना मिली है कि बकरीद के मौके पर बड़े पैमाने पर पशुओं के कटान की तैयारी की जा रही है। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि कुछ तत्व गौवंश की हत्या कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं।

विधायक ने मुस्लिम समुदाय से अपील करते हुए कहा कि पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी मुस्लिम भाई प्रगतिशील सोच अपनाएं और सांके. तिक रूप से ईद मनाएं। पूर्व में लोनी क्षेत्र में केक के बकरे काटकर ईको-फ्रेंडली और शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाई गई थी, जिसकी सराहना भी हुई थी।

पत्र में विधायक ने प्रशासन से मांग की है कि एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का सख्ती से पालन कराया जाए और गौवंश या किसी भी जीव की हत्या न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ता भी ड्रोन से निगरानी में प्रशासन की मदद करेंगे ताकि लोनी में अमन-शांति और सौहार्द बना रहे।

### आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में

## डॉ. जीके बालाजी ने किया व्याख्यानों का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस फिजियोथेरेपी कालेज में दो महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यानों के आयोजन की शुरूआत की गई। यह आयोजन संस्थान के बी0पी0टी0 चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक विशेषज्ञों से जोडकर उन्हें व्यावहारिक ज्ञान एवं प्रेरणा प्रदान करना था। बी0पी0टी0 चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित व्याख्यान में डॉ जी0के0 बालाजी (प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट एवं निदेशक, सायनेप्स फिजियो प्राइवेट लि0 तथा विभागाध्यक्ष, फिजियोथेरेपी विभाग, फोर्टिस हॉस्पिटल, मोहाली) ने ''पी0एन0एफ तकनीकों का परिचय'' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

डॉ0 जी0के0 बालाजी एस0एल0 रहेजा (फोर्टिस एसोसिएट) अस्पताल, मुबई, ग्लेनीगल्स हॉस्पिटल-मुंबई, चेन्नई हैदराबाद, ओसवाल अस्पताल, लुधियाना और एपेक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल मुंबई के पूर्व विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। डॉ बालाजी फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में दो दशकों से भी अधिक का अनुभव रखते हैं और उन्होंने देश-विदेश में विभिन्न उन्नत चिकित्सा तकनीकों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिनमें पी0एन0स्पाईनल मैनुअल थेरेपी (ऑस्ट्रेलिया) ड्राई बिडलिग (दुबई) इत्यादि शामिल हैं।



उन्होंने अपने व्याख्यान में पी0एन0एफ तकनीकों की मूल अवधारणाओं, उपयोग की जाने वाली विधियों, लाभों एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को गहराई से परिचित कराया। उनका सत्र अत्यंत जानकारीपूर्ण, प्रेरणादायक और संवेगात्मक रहा, जिससे विद्यार्थियों को क्लिनिकल दृष्टिकोण से नई दिशा प्राप्त हुई। बी0पी0टी0 षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए डॉ गरिमा बिस्वास द्वारा ''ऑब्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलाजिक स्थितियों में फिजियोथेरेपी'' विषय पर एक अन्य व्याख्यान आयोजित किया गया जो 03 जून 2025 को भी जारी रहेगा। डॉ0 गरिमा बिस्वास आई0टी0एस फिजियोथेरेपी कालेज की पूर्व छात्रा हैं एवं वर्तमान में ओमांश हेल्थ एंड फिटनेस, गाजियाबाद की संस्थापक हैं।

डॉ0 गरिमा ने प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर अवस्थाओं में फिजियोथेरेपी की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मातृत्व काल की विभिन्न अवस्थाओं में आवश्यक व्यायाम, देखभाल, रोगी प्रबंधन एवं उपचार की व्यवहारिक रणनीतियों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने अपने क्लीनिक अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए वास्तविक केसों की चर्चा भी की। आई0टी0एस0 कालेज का यह प्रयास विद्यार्थियों को अकाद. मिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उद्योग विशेषज्ञों के अनुभवों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। दोनों ही सत्रों में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी एवं जिज्ञासा देखने की मिली। सभी विद्यार्थियों ने आई0टी0एस -दी एजूकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को सभी छात्रों को अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए ऐसे बेहतरीन मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।

### एक नजर

## राजनगर एक्सटेंशन में सनसनीखेज वारदात, विवाद के बीच युवक की गई जान

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में रविवार रात को हुई गोलीबारी की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। यह वारदात क्लासिक रेसिडेंसी सोसायटी के पास उस समय हुई जब राहुल डागर नामक युवक अपने बहनोई के साथ खड़ा था। अचानक तीन युवकों ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें राहुल की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि उसे बचाने आए उसके भतीजे आशीष को भी गोली लगी और वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है तथा हमलावरों की तलाश जारी है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह घटना एक होटल के लेनदेन से जुड़े विवाद का परिणाम है। मृतक राहुल डागर, उसका बहनोई अविनाश सिरोही, मनीष चौधरी, नागेन्द्र चौधरी, सचिन शर्मा और रितेश बिंदल सभी हल्द्वानी स्थित शिवा पैलेस होटल में साझेदार हैं। इस होटल से संबंधित पैसों के लेनदेन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। रविवार रात करीब नौ बजे राहुल डागर अपने बहनोई के साथ क्लासिक रेसिडेंसी के पास खड़ा था, तभी एक कार में सवार होकर तीन युवक वहां पहुंचे और उन्होंने राहुल पर हमला कर दिया। गोली राहुल की छाती में लगकर अंदर ही फंस गई, जिससे उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। उसे यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के दौरान राहुल को बचाने आए उसके भतीजे आशीष को भी गोली लगी जो उसके पैर में लगी। आशीष को सर्वोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस घटना से एक दिन पहले शनिवार को रितेश बिंदल ने नंदग्राम थाने में राहुल डागर और अविनाश सिरोही के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई थी।

रितेश ने आरोप लगाया था कि उसने राहुल और अविनाश से 11.60 लाख रुपये लिए थे और 12.5 लाख रुपये वापस कर भी दिए, फिर भी वे उससे जबरदस्ती पैसे मांग रहे थे और परिवार को धमकाया गया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

### पुलिस ने तैयार किया बदमाशों का केवाईसी डेटाबेस

## 1886 अपराधियों को दिलाई अपराध न करने की शपथ

**गाजियाबाद।** अपराध नियंत्रण के लिए बड़ा कदम उठाते हुए जिले के सभी थानाक्षेत्रों में सक्रिय बदमाशों की पहचान कर उनका केवाईसी आधारित विस्तृत डाटाबेस तैयार किया है। इस पहल के तहत कुल 1886 सक्रिय बदमाशों को चिन्हित कर उन्हें अपराध न करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने इन अपराधियों के आधार नंबर, आपराधिक इतिहास और अन्य व्यक्तिगत जानकारी को डाटाबेस में शामिल किया है ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। यह कवायद अपराधियों पर नजर रखने और उनके पुनः अपराध की प्रवृत्ति को रोकने के उद्देश्य से की गई है।

पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड़ द्वारा जिले में बीट पुलिस प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत हर बीट क्षेत्र में एक बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने क्षेत्र के अपराधियों पर निगरानी रखें और समाज के सम्मानित लोगों से संपर्क बढ़ाएं। इससे क्षेत्रीय सूचना तंत्र मजबूत हुआ है और पुलिस की अपराध पर पकड़ सशक्त हुई है। जिले के तीन प्रमुख जोनों ख्र सिटी जोन, ट्रांस हिंडन जोन और देहात जोन ख्र में क्रमशः 309, 380 और 1197 बदमाश चिन्हित किए गए हैं। इन तीनों जोनों में रविवार को एक साथ सभी थानों में बदमाशों को बुलाकर अपराध न करने की शपथ दिलाई गई।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सबसे अधिक 295 बदमाश लोनी थाना क्षेत्र में सक्रिय हैं, जिन्हें बीते दस वर्षों में चिन्हित किया गया है। इसके विपरीत सबसे कम बदमाश कौशांबी और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में हैं, जहां केवल 25-25 अपराधियों को ही सूचीबद्ध किया गया है। ये सभी अपराधी हत्या, लूट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, जुआ, शराब और सट्टा जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं।

अब पुलिस के पास एक क्लिक पर इन बदमाशों की पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगी, जिससे निगरानी और कानून व्यवस्था बनाए रखने में काफी मदद मिलेगी। पुलिस आयुक्तालय द्वारा यह पहल अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त और तकनीक-आधारित कदम माना जा रहा है।

## मोदीनगर चेयरमैन के ऑफिस में हुई लूट के खुलासे को सभासदों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली के ऑफिस में गक्त सप्ताह हुई लूट के खुलासे की मांग को लेकर नगर पालिका के सभासदो ने मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन किया व शीघ्र खुलासे की मांग को लेकर एसीपी से वार्ता की।

मोदीनगर।सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष वेदप्रकाश जी के नेतृत्व मे समस्त सभासद व ठेकेदार सहायक पुलिस आयुक्त से मिले सभासद समिति ने कहा कि यदि चौयरमैन विनोद वैशाली के यहाँ हुई लूट का 3 दिन मे खुलासा नहीं हुआ तो समस्त सभासद और क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशाशन की होगी। एसीपी ने शीघ्र ही खुलासे के आश्वा. सन दिया। इस अवसर पर वेदप्रकाश प्रदीप शर्मा, ललित त्यागी, जीतेन्द्र चौधरी, बॉबी चौधरी , अंकुर चौधरी , नरेन्द्र तोमर , धर्मवीर मास्टर , राहुल खटीक , गोल्डी नेहरा, सूबे सिंह , संजय चौधरी , दुश्यंत यादव रजनीश चौधरी सभासदो के साथ अमित कराटे मनीष अग्रवाल, संजय पिंडी, पुनीत त्यागी, लोकेश शर्मा, गुड्डु प्रधान, नरेन्द्र कुमार, अप्पू गुजर,आदि भी मौजूद रहे।

## जीवनधारा फाउंडेशन ने क्लिंजिंग थेरेपी कैंप का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीवनधारा फाउंडेशन द्वारा डॉ. यशपाल गुप्ता के मार्गदर्शन में मुरादनगर के कल्पतरु आश्रम में क्लिंजिंग थेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आवासीय कैंप में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने भाग लिया और डीटॉक्स व हीलिंग के अनूठे अनुभव के साथ अपने शरीर के साथ अपने मस्तिष्क का भी कायाकल्प कर जीवन को नये जोश, उत्साह व संचार से भर दिया।

शहर के प्रमुख समाज सेवी व योगी देवेंद्र हितकारी ने बताया कि 2 रात व 3 दिन के इस कैंप में वेलनेस एक्स्पर्ट डॉ राजन आदर्श व मास्टर हीलर डॉ अमरेश शर्मा के साथ विभिन्न पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों ने माइंड बॉडी क्लिंजिंग और हीलिंग के लिए 28 प्रकार की क्लिंजिंग थेरापी के माध्यम से खुद को शारी. रिक व मानिसक रूप से स्वस्थ किया। लिवर क्लिंज, किडनी क्लिंज, लंग किंज, माउथ क्लिंज, फीट क्लिंज जैसे थेरापी से उन्होंने अपने अंदर नए सकारात्मक बदलाव का अहसास यिका।

पुरुषों के प्रोस्टेट क्लिंज और महिलाओं के लिए युटेरस क्लिंज और फेलोपियन ट्यूब क्लिंज भी कराए गए। योगी देवेंद्र हितकारी ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य क्लिंजिंग थेरापी के जरिए प्रतिभागियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उनके बॉडी से जमा हुए टॉक्सिन्स व जेनोबायोटिक्स को फ्लश आउट करके उनको बीमारियों और दवाओं के चंगुल से बाहर निकालना था। डॉ पीयूष सक्सेना हमेशा कहते हैं कि खाओ पियो मस्त रहो, क्लिंज करो स्वस्थ रहो। इस वेल्दीलाइफ कैम्प में प्रतिभागियों ने इसे महसूस भी किया।

## आईटीएस मोहन नगर में एमसीए के छात्रों का पुरातन छात्र समागम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर में एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) के छात्रों का पुरातन छात्र समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में लगभग 200 से अधिक पुरातन छात्र तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ आईटीएस मोहन नगर परिसर के आई. टी तथा स्नातक विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय, एमसीए कार्यक्रम की सेहसंयोजिका प्रो. स्मिता कंसल, एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो. सौरभ सक्सेना तथा वरिष्ठ पुरातन छात्रों के द्वारा माँ वीणा वादिनी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने सन्देश में आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ. आर. पी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हर्ष व्यक्त किया तथा सभी पुरातन छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आरम्भ में आई.टी.एस




मोहन नगर के एमसीए विभाग के एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो. सौरभ सक्सेना ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

अपने स्वागत सम्बोधन में आईटीएस मोहन नगर के आई.टी तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित पुरातन छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्था एव सभी शिक्षको के लिए पुरातन छात्रों की वैश्विक स्तर पर शीर्ष एवं प्रतिष्ठान मैं उपस्थिती एवं योगदान गर्व का अनुभव कराती है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिसमे कपल गेम, अंताक्षरी, म्यूजिकल चेयर, तम्बोला आदि का आयोजन किया गया जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का मनो. रंजन किया और माहौल को जीवंत बनाया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने बैचमेट्स और साथियों से मिलकर पुरानी यादें ताजा कीं। साथ ही, उन्होंने वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया।

कई पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियों और वर्तमान उद्योग में अपनी उपलब्धियों के बारे में अपने विचार साझा किये एवं वर्तमान छात्रों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। समारोह में उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने इस आयोजन की प्रशंसा की।

उन्होंने इसे एक अनूठा और यादगार अनुभव बताया। कई पूर्व छात्रों ने कहा कि यह पुनर्मिलन उनके लिए न केवल एक सामाजिक अवसर था, बल्कि एक नेटवर्किंग का मंच भी साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में आईटीएस मोहन नगर के एमसीए विभाग की सह संयोजिका प्रो. स्मिता कंसल इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों, आयोजकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एमसीए कार्यक्रम के सभी छात्र तथा संकाय सदस्य उपस्थित रहे।


### सार्वजनिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरायनजर अली जी0टी0 रोड गा0बाद में स्थित भवन सं0-28 पुराना नं0-21 एक वक्फ अलल औलाद सम्पत्ति है, जिसमें सुरेन्द्र कौर पत्नी सरदार सिंह किरायेदार है। इसलिये इस वक्फ की प्रोपर्टी को बेचा व खरीदा नहीं जा सकता। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा वक्फ सम्पत्ति को खरीदती व बेचती है तो वह अपने जोखिम पर ऐसा करेगा तथा वह प्रत्येक कार्यवाही के लिये स्वयं उत्तरदायी होगा।

**निवेदक**
**जाहिद अली पुत्र आफताब अली**
**लैण्डलोर्ड व मुत्वल्ली वक्फ सम्पत्ति।**
**नि०- 88 अफगानान दिल्ली गेट, गाजियाबाद।**


## कान्हा एंक्लेव में घर के बाहर खड़ी महिला से चेन लूटकर फरार हुए चोर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में निवाड़ी रोड स्थित कान्हा एंक्लेव में एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना सामने आई है। दरअसल, पीड़िता लता चौधरी घर के बाहर खड़ी थीं, तभी एक बाइक सवार लुटेरे ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी युवक ने पहले गली में कई बार चक्कर लगाए, जिससे उसका इरादा साफ नजर आ रहा था। फिर मौके देखकर उसने महिला के पास जाकर उनकी चेन छीन ली। विरोध करने पर महिला को धक्का देकर गिरा दिया और तेज रफ्तार में भाग निकला। लुटेरा हेलमेट पहने हुए था, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से कॉलोनी में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग पुलिस गश्त को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में कॉम्बिंग की, लेकिन अब तक लुटेरे का कोई सुराग नहीं मिला है। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरा. ेपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच दिल्ली में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक २२ साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है।

दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के ४३६ मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से ३५७ मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं ९१ मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना के इलाज के लिए अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था की गई है। साथ ही निजी अस्पतालों का भी सहयोग लिया गया है। मरीजों को फिलहाल डरने की जरूरत नहीं है। विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। अस्पताल में मरीजों के लिए बिस्तर, दवा सहित अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध कर दिए गए है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना को फिलहाल हल्के में ना लें। यदि लक्षण दिखाई देते हैं तो सतर्कता बरते। ऐसा करने से घर के बुजुर्ग और गंभीर मरीज सुरक्षित रह सकते हैं। डॉक्टर का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद या देखने में आया है कि लोगों में छोटी बीमा. रियां भी लंबे समय तक चल रही है। खांसी, जुखाम, बुखार, सांस लेने में दिक्कत सहित हल्के लक्षण भी महीनों तक मरीजों को परेशान कर रहे हैं। डॉक्टरों की सलाह है कि यदि किसी में कोविड के लक्षण दिखाई देते हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें। उचित इलाज कराएं। साथ ही कोविड नियमों का पालन करें। ऐसा करने से वह खुद भी सुरक्षित रहेंगे और समाज के दूसरे सदस्यों को भी सुरक्षित रख सकेंगे। डॉक्टरों का कहना है कि यदि कोरोना के लक्षण दिखाई देते हैं तो सतर्क हो जाना चाहिए। यदि आपकी इम्यूनिटी मजबूत है तब भी कोशिश करना चाहिए कि घर में आइसोलेट रहें।

## इस बार 106 प्रतिशत बारिश की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जून महीने के पहले दिन से इंद्र देवता एनसीआर पर मेहरबान होने लगे हैं। उम्मीद जताई जा रही है इस बार १०६ प्रतिशत बारिश होगी। वहीं लगातार पूर्वी हवाओं ने नौतपा को ठंडा बना दिया। हवाएं अंधड़ चलने और हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियों को दर्ज किया गया।

जून के पहले सप्ताह में दिल्ली में मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। २-५ जून के दौरान तेज हवाएं, आंधी और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, कुछ स्थानों पर तूफानी हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती है। दिल्ली में जून के अंतिम दिनों में मानसून के पहुंचने की संभावना है, जो अपने तय समय से ३-४ दिन पहले हो सकता है। मानसून की गति तेज होने के कारण यह उम्मीद की जा रही है, लेकिन जल्द ही इसमें १० दिनों का ब्रेक लग सकता है। हरियाणा, एनसीआर और दिल्ली में मानसून सामान्य के आसपास रहने की संभावना है। देश में इस बार मानसून सीजन में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है, जो १०६% रह सकती है।

# आज शाम पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा, जामताड़ा गैंग के तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आपके फोन पर अगर दिल्ली जल बोर्ड से कोई मैसेज आता है या फिर लिंक खोलने की बात कही जाती है तो ऐसा करने से पहले सोचे कि आपने बिल भर दिया है या नहीं,पानी का कलेक्शन है या नहीं। साउथ जिला की साइबर थाना पुलिस ने ऐसे ही ठगी करने वाले तीन ठगों को झारखंड से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रवि मंडल, रमेश कुमार मंडल और महेंद्र कुमार मंडल के रूप में हुई है।

आरोपियों के कब्जे से १३ मोबाइल फोन व एक टैबलेट बरामद किया है। पुलिस आरो. पियों के फोन नंबर और बैंक खाते खंगालकर पता करने की कोशिश कर रही है कि अभी तक कितने लोगों को ठगा और कितने रुपये बैंक खातों में जमा करवाए थे। साथ ही पता करने की कोशिश कर रही है कि उन्होंने कमीशन पर कितने बैंक खाते खुलवा रखे थे और गैंग में कौन कौन हैं।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले साइबर थाना पुलिस को एक शिकायत मिली थी। आरकेपु. रम में रहने वाले शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर अंजान नंबर से एक मैसेज आया। मैसेज में लिखा था आपका पानी के मीटर की रीडिंग अपडेट नहीं होने के कारण रात साढ़े आठ बजे तक पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। पैसे जमा करवाने के लिये दिये नंबर पर संपर्क करें। जब फोन नंबर पर संपर्क किया। उसने कहे मुताबिक अपने फोन में एक एप्लिकेशन डाउनलोड कर ली,जो दिल्ली जल बोर्ड की एप्लिकेशन जैसी थी। उसने एप्लिकेशन में लिखी जानकारी को लिखा। उसी वक्त उसे १२ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था। उसने जब १२ रुपये डाले,बताया गया कि ट्रांजक्शन फेल हो गई है। अचानक से उसके खाते से ३८ हजार एक सौ ६१ रुपये निकलने का मैसेज आया। उसने तुरंत फोन काटा और पुलिस और बैंक को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की। शिकायतकर्ता से बैंक खातें और फोन नंबर की जांच की। जिसमें ठगों के झारखंड में होने का पता चला। पुलिस टीम ने झारखंड के धनबाद, दुर्गापुर, जामताड़ा, देवघर व उसके आसपास के इलाकों में सात दिन तक छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि अभी तक आरोपियों ने इस तरह से दर्जनों लोगों को अपना शिकार बनाया है। ये लोग सिमकार्ड कहां से लाते हैं,कौन इनको सिमकार्ड दिलवाता व देता है। आरोपियों से पूछताछ कर इस नेटवर्क को तोडने की को. शिश की जा रही है।

# लोकसभा-राज्यसभा की तर्ज पर नियमों में बदलाव करेगी विधानसभा: विजेंद्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने घोषणा की कि विधानसभा नियमावली के नियम २८० की समीक्षा की जाएगी और उसमें संशोधन कर उसे लोकसभा और राज्यसभा की प्रक्रिया के अनुरूप बनाया जाएगा। यह बदलाव एनसीटी दिल्ली (संशोधन) अधिनियम, २०२१ के अनुसार किया जाएगा। इसके साथ ही विधान भाषा को सरल बनाने और लैंगिक-निरपेक्ष शब्दों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि विधानसभा की कार्यप्रणाली अधिक समावेशी, स्पष्ट और समानता आधारित बन सके। आठवीं विधान सभा अपने १००वें कार्य दिवस (४ जून २०२५) के निकट पहुँच रही है। इस अल्प अवधि में कई ऐतिहासिक निर्णय और सुधार किए गए हैं। इन उपलब्धियों को चिन्हित करने के लिए एक विशेष रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है, जिसमें विधानसभा के पहले १०० दिनों की प्रमुख उपलब्धियाँ, निर्णय और सुधारों का विवरण होगा।

यह प्रकाशन पारदर्शिता, जवाबदे. ही और सुधारवादी शासन के प्रति विधानसभा की प्रतिबद्धता को दर्शाएगा।अब तक दो पूर्ण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि पहले हर साल केवल एक सत्र होता था। कुल १२ बैठकें हुईं, जिनमें ४६ घंटे १६ मिनट तक कार्य हुआख्रजो पिछले २५ वर्षों में सबसे अधिक रहा है जिसमें कई बार कार्यवाही शाम ७ बजे तक चली। अब सदन को "अवसान"(prorogued) किया जा रहा है, न कि अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, जो अधिक नियोजित और जवाबदेह विधान कार्य प्रणाली की ओर संकेत करता है। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और ट्रांसजेंडर व दिव्यांग व्यक्तियों के हितों की रक्षा हेतु दो नई समितियाँ गठित की गई हैं। इन समितियों के ढाँचे और कार्यप्रणाली को नियम समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जहाँ लोकसभा और राज्यसभा की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन कर उन्हें अपनाया जाएगा।



लोकसभा और राज्यसभा की तर्ज पर नियमों में बदलाव की घोषणा करते विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता।

# चुनाव से तय होगा स्थायी समिति पर कौन होगा काबिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की वार्ड समिति चुनाव में हार-जीत तय करेगी कि स्थायी समिति पर कौन काबिज होगा।

नजफगढ़ जोन से अध्यक्ष पद पर सविता और उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र ने जीत दर्ज की है। सिटी एसपी जोन से अध्यक्ष पद पर विकास, उपाध्यक्ष पद पर पूजा और स्थायी समिति सदस्य पद पर राफिया माहिर ने जीत दर्ज की है। इनका चुनाव निर्विरोध हुआ है। ये सभी आम आदमी पार्टी से हैं। इनका चुनाव निर्विरोध हुआ है। रोहिणी से अध्यक्ष पद के लिए आप से अमृत जैन और इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी से सुमन अनिल राणा उम्मीदवार थे। आप ने चुनाव जीत लिया है। आप से अलग होकर बनी नई पार्टी इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी को झटका लगा है। रोहिणी में भाजपा के नौ, इंद्रप्रस्थ के दो और आप के १० पार्षद हैं। भाजपा इंद्रप्रस्थ के उम्मीदवार का समर्थन कर रही थी। लेकिन एक क्रॉस वोट पड़ गया। जिसके कारण आप की जीत हुई। शाहदरा साउथ से अध्यक्ष पद पर भाजपा के राम किशोर शर्मा और उपाध्यक्ष राजू सचदेवा ने जीत दर्ज की है। दोनों ही भाजपा से हैं। दोनों को १८-१८ वोट मिले और आप को पांच वोट मिले। यहां भाजपा को १७ और इंद्रप्रस्थ पार्टी को एक वोट मिला है। वार्ड समिति चुनाव में भाजपा और आप के बीच शह-मात का खेल चल रहा है। ऐसे में अगर किसी वार्ड समिति में उलटफेर हो जाए तो हैरानी नहीं होगी।

# दिल्ली सरकार ने तेलंगाना स्थापना दिवस सांस्कृतिक समारोह के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पहली बार तेलंगाना स्थापना दिवस को सांस्कृतिक समारोह के साथ दिल्ली सचिवालय में मनाया। कला, संस्कृति और भाषा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने भारत के सबसे युवा राज्य, तेलंगाना, जो २ जून २०१४ को अस्तित्व में आया, के संघर्ष और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित किया।

इस आयोजन में सहित्य कला परिषद के लगभग १० कलाकारों ने तेलंगाना की परंपराओं को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में लंबाड़ी आदि लो. कप्रिय लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने उपस्थित लोगों को राज्य की ऐतिहासिक और कलात्मक विरासत से जोड़ा। यह समारोह दिल्ली और तेलंगाना के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक सहयोग को मजबूत करने का प्रतीक बना।

दिल्ली में बड़ी संख्या में तेलंगाना के नागरिक रहते हैं, जो अपने परिश्रम, समर्पण और लगन से न केवल अपने राज्य बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। यह आयोजन भारत की विविध सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर प्रेरक संदेश देते हुए कहा, तेलंगाना न केवल सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक प्रगति में भी अग्रणी है। आज हम एक राज्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और दृढ़ता के उस भाव का उत्सव मना रहे हैं जो हमें परिभाषित करता है।

दिल्ली में रहने वाले तेलंगाना के लोग अपने कठिन परिश्रम और समर्पण से दोनों राज्यों और देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। दिल्ली-तेलंगाना का यह साझा बंधन भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने को और मजबूत करेगा। दिल्ली सरकार की विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस को उत्साह के साथ मनाने की पहल सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




दिल्ली सचिवालय में तेलंगाना स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक समारोह में कला का प्रदर्शन करते कलाकार।

# रंजिश में की शोएब की हत्या, पहले भी हुआ था दोनों पक्षों में झगड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुल प्रहलादपुर क्षेत्र में १५ मई से लापता शोएब की हत्या आरोपितों ने पुरानी रंजिश में की थी। मृतक शोएब और सुहेल के बीच पहले भी कई बार झगड़ा हुआ था और दोनों के खिलाफ क्रास केस भी दर्ज है। उसी का बदला लेने के लिए सुहेल ने शोएब की हत्या की थी। पुलिस ने मुख्य आरोपित सुहेल और उसके साथी अशरफ को एक दिन के रिमांड पर लेकर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है, जबकि नाबालिग आरोपित को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शोएब ए-ब्लाक, पुल प्रहलादपुर का रहने वाला था। शोएब के परिवार की कपड़ों की दुकान है।

वहीं आरोपित सुहेल इनका पड़ोसी है और उसके परिवार की भी कपड़ों की दुकान है। इसको लेकर अक्सर शोएब और सुहेल के बीच झगड़ा होता रहता था। दोनों के खिलाफ पहले भी झगड़े के मामले में क्रास केस दर्ज है। १४ मई को एक अन्य पड़ोसी जावेद से शोएब और उसके भाई शादाब का झगड़ा हुआ था। पुलिस ने उसमें मामला दर्ज कर शादाब को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन शोएब फरार हो गया। इस दौरान शोएब के बारे में कुछ पता नहीं चला तो स्वजन ने २० मई को थाने में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

पुलिस ने शोएब की तलाश शुरू की। इस दौरान पुलिस ने कई बार सुहेल को भी थाने बुलाकर उससे पूछताछ की, लेकिन उसने शोएब के बारे में कुछ भी जानकारी होने से इंकार किया। शुक्रवार को पुलिस ने एक नाबालिग को पकड़ा तो उसने शोएब की हत्या की बात कबूली। उसने बताया कि १५ मई की रात को सुहेल और अशरफ के साथ वह शोएब को बहाने से पुल प्रहलादपुर के जंगल में ले गए। वहां पुरानी रंजिश में उसकी गला घोंटकर व चाकू से वार कर हत्या कर दी।

पहचान मिटाने के लिए आरो. पितों ने उसके चेहरा भी पत्थर से कुचला। पुलिस आरोपित सुहेल और शोएब को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड लिया और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है।

## विचाराधीन कैदी भी तिहाड़ जेल में कर सकेंगे कमाई

**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल में बंद विचाराधीन कैदी भी अब फैक्टरी में काम कर कमाई कर सकेंगे। अभी तक कारागार के भीतर फैक्टरी में कार्य करने का मौका सजायाफ्ता कैदियों को ही मिलता था। विचाराधीन कैदियों के भीतर कौशल को निखारने के लिए जेल प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इसके लिए जेल मैन्युअल में प्रावधान किया गया है। एशिया की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में कैदियों का चरित्र सुधारने का काम भी किया जाता है। जेल के भीतर फैक्टरी में सजायाफ्ता कैदी बेकरी, हैंडलूम, टेक्सटाइल, फर्नीचर, पेटिंग और मोमबत्ती बनाते हैं। इससे वह हुनरमंद हो रहे हैं और हजारों रुपये की कमाई भी कर रहे हैं। जेल के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने की कड़ी में अब विचाराधीन कैदियों को भी मौका दिया गया है। हालांकि इन कैदियों को सजायाफ्ता कैदी की तरह दूसरे जेलों में कार्य करने के लिए जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ऐसे कैदियों को पहले तीन माह अकुशल मजदूर के तौर पर काम करना पड़ेगा। अगले तीन माह अर्ध कुशल जबकि काम सीखने पर कुशल मजदूर के रूप में काम लिया जाएगा। इस दौरान उन्हें तयशुदा मजदूरी दी जाएगी।

**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-19-2025 | दिनांक 16.06.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (AGS Side) (PCCV), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), आदर्श नगर (पी आर एस) कुरुक्षेत्र 1st Entry, दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, खतौली, कुरुक्षेत्र (Site-1), कुरुक्षेत्र (Site-2), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, गाजियाबाद (सिटी साइड), नया गाजियाबाद, कुरुक्षेत्र 2nd Entry = कुल 15 साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 22. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 23. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, 24. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता, 25. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण, 26. फण्ड का लियन मार्किंग, 27. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation), 28. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या-23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक:- 02.06.2025 1629/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 35 लाख की लूट

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक जैसी भीड़भाड़ वाली जगह पर दिनदहाड़े ३५ लाख रुपये की लूट हो गई। दो हथियारबंद लोग कपड़ा व्यवसायी के कार्यालय में आए और गोली चलाकर ३५ लाख रुपये लूट लिए। लुटेरों के साथ एक तीसरा शख्स भी साथ था जो नीचे खड़ा हुआ था। पुलिस के मुताबिक, आज करीब १४.३० बजे कटरा नील, चांदनी चौक में लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल थाना लाहौरी गेट में प्राप्त हुई।

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

Truhome FINANCE

मुख्य कार्यालय: लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
फोन: 1800 102 4345; वेबसाईट: http://www.truhomefinance.in
पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018

**परिशिष्ठ-IV-A (नियम 8(6) का प्रावधान देखें) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी/ऋणी/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मैसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित हैं, तथा जिनका भौतिक कब्जा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर 10 जुलाई 2025 को प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे के बीच ई-नीलामी में बेचा जाएगा, ताकि ऋणी/गारंटर से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली की जा सके, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है।
ऋणी/गारंटर का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि तथा निरीक्षण की तिथि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तारीख | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | नीलामी की दिनांक और समय | संपर्क व्यक्ति का विवरण - (एओ और निपटान टीम) |
|---|---|---|---|---|
| मैसर्स मंगलम इंटरप्राइजेज, इसके स्वामी/साझीदार/प्रबंधक निदेशक/प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता नंबर 628/1, प्रथम तल, रोहताश नगर, शाहदरा, दिल्ली-110032. इसके अलावा: मकान नंबर बी-110/1, खसरा नंबर 100, बी-ब्लॉक, गंगा विहार, गांव-गोकलपुरी, दिल्ली-110094. श्री सर्वोत्तम पांचाल पुत्र श्री लक्ष्मी चंद पांचाल, मकान नंबर बी-110, पहली मंजिल, केएच नंबर 101, गोकलपुरी, गंगा विहार, दिल्ली-110094. इसके अलावा: मकान नंबर बी-110/1, खसरा नंबर 100, बी-ब्लॉक, गंगा विहार, गांव-गोकलपुरी, दिल्ली-110094. श्रीमती सुशीला देवी पांचाल पत्नी श्री लक्ष्मी चंद पांचाल मकान नंबर बी-110, गोकलपुरी, गंगा विहार, दिल्ली-110094. इसके आलवा: मकान नंबर बी-110/1, खसरा नंबर 100, बी-ब्लॉक, गंगा विहार, गांव-गोकलपुरी, दिल्ली-110094.<br>कब्जे की दिनांक और प्रकार: 26-मार्च-2025 और सांकेतिक कब्जा<br>भार ज्ञात - ज्ञात नहीं | डिमांड नोटिस की तिथि: 14-जनवरी-2025 रू. 1,07,64,604/- (रू. एक करोड़ सात लाख चौंसठ हज़ार छह सौ चार मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0001254 09-जनवरी-2025 तक और रू. 548566/-(रू. पाँच लाख अड़तालीस हज़ार पाँच सौ छियासठ मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0002063 09-जनवरी-2025 तक संविदा दर पर और अधिक ब्याज के साथ, कथित सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर। | रू. 1,78,92,000/- (रू. एक करोड़ अठहत्तर लाख बानवे हज़ार मात्र) बोली वृद्धि: रू.10,000/- और ऐसे गुणकों में<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)<br>रू. 17,89,200/- (रू. सत्रह लाख नवासी हज़ार दो सौ मात्र) ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक- 07 जुलाई, 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | 10 जुलाई 2025<br>समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक | श्री संजीव शर्मा 9810328494<br>श्री निखिल कुमार 7053869593<br>श्री अशफाक पटका 9819415477<br>संपत्ति निरीक्षण तिथि : 03 जुलाई 2025 |

**सम्पत्ति का विवरण**

वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर बी-110/1, खसरा नंबर 100 में से, क्षेत्रफल 140 वर्ग गज, अंतिम मंजिल तक निर्मित, आवासीय गांव गोकलपुरी की आबादी बी-ब्लॉक, गंगा विहार, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110094. उक्त संपत्ति की सीमाएं:- उत्तरी: 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: अन्य संपत्ति, पूर्व : संपत्ति नंबर बी-110 , पश्चिम: संपत्ति नंबर बी-109

संशोधित सरफेसी अधिनियम, 2002 के अनुसार नियम 8(6) के तहत आगामी बिक्री के लिए वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना।
1) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता नंबर. चालू खाता नंबर. 911020045677633 आईएफएससी कोड: UTIB0000230

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 03.06.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# दोस्ती-आशिकी, फिर जंगल में बुलाकर प्रेमिका का मर्डर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक से सिरफिरे आशिक ने अपनी प्रेमिका के शरीर पर कई बार चाकू से वार करके उसकी हत्या कर दी उसके बाद उसके शव को जलने की भी कोशिश,,, घटना महरौली इलाके के संजय वन की है। जहां पर १८ साल के महक जैन की लाश मिली।

दरअसल इस पूरे कहानी की शुरुआत ,दिल्ली के जहांगीरपुरी से शुरू होती है। महक अपने माता-पिता और एक बड़ी बहन के साथ वहां रहती थी। वह इंग्लिश से ऑनर्स कर रही थी और कोरियन लैंग्वेज की पढ़ाई भी कर रही थी। रविवार के दिन के ओपन क्लास करने के लिए कॉलेज के लिए निकली, लेकिन घर पर वापस नहीं आ पाई। मृतक महक जैन के पिता के अनुसार उसके पास इस हत्या में आरोपी और महक का आशिक अर्शकृत सिंह के पिता ने कॉल करके बताया कि उनकी बेटी ने हसप्रीत को चाकू मारा है। यह सुनकर महक के पिता के होश उड़ गए कि आखिर में उनकी बेटी भला उसे कैसे चाकू मार सकती है। लडकी का परिवार जहांगीरपुरी थाने गया, वहां पर घटना के बारे में बताया। क्योंकि वारदात महरौली इलाके की थी, पुलिस ने महरौली थाने को इसकी सूचना दी और लडके के बताए गए जगह पर संजय वन में लड़की की छानबीन की। घंटा छानबीन के बाद भी लडकी का कोई पता नहीं लगा आखिर में दूसरे दिन यानि सोमवार को पुलिस एक बार फिर संजय वन में जब सर्च ऑपरेशन किया तो सुनसान इलाके में महक की लाश पड़ी हुई मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी अर्शकृत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसका कहना है, की महक ने उसे धोखा दिया है जिसके कारण उसने उसकी हत्या कर दी। वहीं महक के परिजनों का कहना है कि अर्शकृत सिंह के साथ उसकी दोस्ती थी, लेकिन वह लडका अच्छा नहीं था। इसके लिए पूरा परिवार उसे पहले भी कई बार मना कर चुका था। लेकिन परिवार के मना करने के बाद भी जसप्रीत कई बार महक के घर पर आ जाता था। उसके मोबाइल का एक्सेस भी अर्शकृत सिंह के पास था। महक की बहन ने बताया वह एक बार घर आकर झगड़ा भी करने लगा। जिसे हम लोग पुलिस कंप्लेंट करने जा रहे थे लेकिन उसके परिजनों ने उसे समझाया और मामला वही रफा दफा हो गया। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि १ जून की शाम को जहांगीरपुरी की रहने वाली एक महिला ने महरौली थाना में आकर शिकायत दी कि उसकी १८ साल की बेटी जो ओपन स्कूल से पढ़ाई कर रही थी क्लास के लिए निकली लेकिन घर वापस नहीं लौटी। दोपहर में उसने फोन करके कहा था कि वह जल्दी घर लौट आएगी। शाम में लडकी के पिता को आरोपी के पिता का फोन आया कि उसके बेटे पर चाकू से हमला हुआ है। वह पीतमपुरा के अस्पताल में भर्ती है।

इसी बीच बेटी का पता करता हुआ परिवार संजय वन पहुंचा पुलिस के साथ। इस मामले में स्नद्ढक्र दर्ज कर लिया गया और आरोपी अर्शकृत सिंह को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसने वारदात की बात कबूल की। उसने पुलिस को बताया कि फोन करके उसने लडकी को संजय वन मिलने के लिए बुलाया था। वहां वह जंगल के अंदर वाले हिस्से में ले गया और फिर उसकी गला दबाकर और चाकू से हमला करके हत्या कर दी।

# पुलिस की कार्यशैली पर भड़के भाकियू कार्यकर्ता

## थानों में भ्रष्टाचार और फर्जी मुकदमों में पीड़ितों को जेल भेजने का आरोप लगाते हुए किया एसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सैकडों की संख्या में एसपी कार्यालय पर पहुंचकर तपती धूप में बैठ कर धरना प्रदर्शन किया और जनपद के समस्त थानों में भ्रष्टाचार और फर्जी मुकदमें दर्ज कर पीड़ितों को जेल भेजने का पुलिस पर आरोप लगाया है। किसान नेताओं के अनुसार, पुलिस निर्दोष लोगों को झूठे मामलों में फंसा रही है। कई लोगों को बिना किसी दोष के जेल जाना पड़ा है।

भाकियू के कार्यकर्ता और पदा. धिकारी इस मुद्दे को लेकर सैकड़ों की संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। किसान नेताओं का कहना था कि अधिका. रियों से शिकायत करने के बावजूद लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस दौरान एसपी सूरज कुमार राय और एएसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने किसान नेताओं से वार्ता की और 15 मिनट की बैठक में एसपी ने सभी मुकदमों की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने जांच में दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की बात भी कही। गर्मी के मौसम में धरने के दौरान किसान नेताओं ने दरियादिली दिखाते हुए ठंडे शरबत का वितरण कराया। इससे राहगीरों और नेताओं को राहत मिली। इस दौरान एसपी के आश्वासन के बाद किसान नेताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरने में किसान नेता प्रताप गुर्जर, विक्रम, विनोद चौधरी, धर्मेंद्र, राजेन्द चौधरी, बीजेपाल शबगा, इन्द्रपाल जाट, उपेन्द्र तोमर, हिम्मत सिंह, अंकित ठाकुर, अश्वनी ठाकुर, पवन, आशू ठाकुर, धर्मवीर तोमर, प्रवीण मलिक आदि मौजूद रहे।







## रिटायर्ड होकर आए फौजी का ढोल नगाड़ों के साथ किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जोनमाना गांव में रिटायर्ड होकर आए फौजी का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू में तैनात अरविंद तोमर पुत्र सुल्तान सिंह 19 वर्ष की सर्विस पूर्ण कर अपने पैतृक गांव सादतपुर जोनमाना लौटे, जिनका गांव के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वह मेरठ बीआरओ से सन् 2006 जुलाई में EME में भर्ती हुआ था, जिसने 19 वर्ष की देश सेवा की और 31 मार्च 2025 को ईएमई सिकंदराबाद से नायब सूबेदार के पद से रिटायरमेंट हुए। सम्मान समारोह में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने कहा फौज देश का स्वाभिमान है फौजी देश की शान हम हम आराम के साथ जीवन सुरक्षा के भाव से जी रहे हैं। परंतु हमारे जवान दिन रात देश की सीमा पर पहरा दे रहे हैं। राष्ट्र की रक्षा में लगे हुए हैं। हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र संकल्प के साथ देशभक्ति की भावना को आत्मसात करें। तभी हमारा राष्ट्र सुकृढ़ होगा। इस अवसर पर गांव की महिलाएं एवं गणमान्य व्यक्ति कृष्ण, गोपाल, ग्राम प्रधान देशपाल सिंह, मगन, सुभाष चंद्र, राजकुमार, यशपाल, जोगिंदर आदि उपस्थित रहे।



## दो शावकों के साथ जंगल में तेंदुआ दिखने से किसानों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के हिम्मतपुर सूजती गांव के जंगल में फसल की रखवाली कर रहे किसान सुरेश पाल, सचिन चौधरी रामपाल सिंह सत्येंद्र कुमार स्वराज सिंह ब्रह्मसिंह को एक तेंदुआ दो शावकों के साथ घूमता हुआ दिखाई दिया। इससे भयभीत किसान नलकूप में घुस गए और जब तेंदुए गन्ने के खेत में चला गया तब जाकर किसानों ने राहत की सांस ली।

उन्होंने गांव में आकर बताया कि अगर खेत में रात के समय किसान जाए तो टोलियां बनाकर जाएं और अपने हाथों में लाठी बल्लम साथ लेकर जाएं खेतों में लगातार कई दिन से तेंदुआ देखा जा रहा है। वन विभाग की टीम भी लगातार गांव में अपनी टीम को भेज कर वहां का निरीक्षण कर रही है। वन विभाग के अफसर ने तेंदुए के पदचिह्ननों की जांच की। हिम्मतपुर सूजती गांव के किसान मोहित, सचिन, ब्रह्मसिंह ने बताया कि लगातार कई दिन से खेतों की तरफ तेंदुआ और दो शावक किसान चंदन सिंह के खेत में खड़ी ज्वार की फसल में घूम रहे थे। तेंदुआ दिखाई देते ही उन्होंने शोर मचाकर दूसरे किसानों को सतर्क किया। उधर, वन क्षेत्राधिकारी सुनेंद्र सिंह, डिप्टी रेंजर तालिब, वन रक्षक संजय कुमार अन्य कर्मियों के साथ सूजती के जंगल में पहुंचे। वहां किसानों से तेंदुए के बारे में जानकारी की और पैरों के निशान के आधार पर तेंदुए की तलाश शुरू कर दी। दिनभर वन विभाग के कर्मी जंगल में कॉ. बंग करते रहे, लेकिन तेंदुआ नहीं मिला। किसानों ने बताया कि इससे पहले भी जंगल में कई बार तेंदुआ देखा जा चुका है और नीलगाय का शिकार भी कर चुका है। इसको लेकर किसान डरे हुए है। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी सुनेंद्र सिंह ने बताया कि किसानों की जानकारी के आधार पर तेंदुए की कांबिंग की गई। अब वहां पर ट्रैप कैमरे लगवाए जाएंगे और तेंदुए की जांच कराई जाएगी। अगर तेंदुआ दिखाई देता है तो उसे तुरंत कब्जे में ले लिया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की भी समस्या वन विभाग की तरफ से नहीं होने दी जाएगी।



## पीड़ित परिवार ने की एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पर पहुंचकर घर में घुस कर मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को किरठल गांव में एक मजदूर के साथ मारपीट की है। मजदूर सहदेव ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि तीन लोग उनके घर आए और जबरन मजदूरी पर ले जाना चाहते थे। सहदेव ने मना किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। बचाव में आए परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित ने रमाला थाने में शिकायत की। मजदूर का आरोप है कि रमाला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## एशियाई चैंपियनशिप में भाला फेंक में सचिन ने जीता रजत पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** एशियाई चैंपियनशिप में भाला फेंक में रजत पदक जीतने वाले सचिन यादव लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं और अब वह ओलंपिक की दौड़ में शामिल हो गए। वह भी नीरज चोपड़ा की तरह पाकिस्तान के ओलंपिक विजेता खिलाड़ी अरशद नदीम से हार गए और स्वर्ण पदक से वंचित रह गए। वहीं सचिन का वापस लौटने पर कस्बे में परिजन स्वागत करने की तैयारी कर रहे है। मोहल्ला अहिरान निवासी किसान नरेश यादव के बेटे सचिन यादव (25) वर्ष 2023 से यूपी पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में गौतमबुद्धनगर में उनकी तैनाती है। भाला फेंक की कोचिंग दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में भारतीय टीम के शि. विर में लेते हैं। सचिन के कोच संदीप यादव ने बताया कि कोरिया में चल रही एशियाई चौंपियनशिप भाला फेंक में सचिन ने अच्छा स्कोर कर चीन के खिलाड़ी को पछाड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। 85.16 मीटर भाला फेंककर सचिन ने अपना रिकार्ड तोड़ दिया।

## पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में युवक ने जीता गोल्ड मैडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** दिल्ली के रोहणी में आयोजित की गयी नेशनल सब जूनियर पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में गौना सहबानपुर के युवक ने गोल्ड मैडल जीतकर गांव का नाम रोशन किया। वही उसका चयन अन्तर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में होने पर गांव मे खुशी की लहर है।

दिल्ली के रोहणी में 30 मई से 1 जून तक नेशनल सब जूनियर पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गौना सहबानपुर के यश यादव ने भाग लिया जिसमे यश यादव ने यूपी की टीम में सब जूनियर 53 किलोग्राम भार वर्ग में यूनक्यू कप्ड कैटगरी में 462.5 किलोग्राम भार उठाकर गोल्ड मेडल जीता जिसमें स्काट 160 किलोग्राम बेंच 105 किलोग्राम और डेडलिफ्ट में 197.5 किलोग्राम भार में भी गोल्ड मेडल जीत गांव का नाम रोशन किया। वही युवक का चयन अन्तर्राष्ट्रीय नेशनल पावरलिफ्टिंग में होने पर गांव में खुशी का माहौल है। युवक द्वारा गोल्ड मैडल जीतने पर क्षेंत्र के लोग युवक के परिजनों को शुभकामनाएं देने मे लगे है।




## अहिल्याबाई होलकर थी मराठा साम्राज्य की महान और दूरदर्शी शासिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा, बडौत।** अहिल्याबाई होलकर मराठा साम्राज्य की एक महान और दूरदर्शी शासिका थीं, जिन्होंने अपने जीवन में न केवल राज्य की बागडोर को दृढ़ता से संभाला, बल्कि कई युद्धों में भी साहसपूर्वक भाग लिया। अपने पति मल्हारराव होलकर की मृत्यु के बाद उन्होंने शासन का दायित्व संभाला और अनेक अवसरों पर युद्धभूमि में वीरता का प्रदर्शन किया। जब वह युद्ध के लिए तैयार होकर चलती थी दुश्मनों के छक्के छूट जाते थे। उन्होंने नर्मदा नदी के तट पर स्थित महेश्वर से शासन किया और उत्तर भारत में फैले कई राजनैतिक संकटों के समय सैन्य कुशलता और धैर्य से कार्य लिया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक, जहाँ-जहाँ उनके साम्राज्य पर संकट आया, उन्होंने दृढ़ नारी शक्ति का परिचय दिया और धर्म व प्रजा की रक्षा हेतु शस्त्र उठाने से कभी पीछे नहीं हटीं।

उन्होंने दुश्मनों से कभी हार नहीं मानी युद्ध भूमि में जमकर मुकाबला किया करती थी। परंतु अहिल्या बाई का योगदान केवल युद्धों तक सीमित नहीं था। उन्होंने सनातन धर्म के पुनरुद्धार में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर सोमनाथ और रामेश्वरम तक अनेक प्रमुख तीर्थस्थलों का जीर्णोद्धार करवाया। उन्होंने नदियों के किनारे घाट, धर्मशालाएँ, कुएँ और मंदिर बनवाकर जनकल्याण को सर्वोपरि रखा। वे प्रजा को न्यायप्रिय, दयालु तथा आध्यात्मिक उन्नति हेतु प्रेरित करने वाली राजमाता थीं। उनके शासनकाल में धर्म, कला, संस्कृति और समाज सभी ने अभूतपूर्व उन्नति की। अहिल्या बाई होलकर आज भी भारतीय इतिहास में एक आदर्श महिला शासिका के रूप में स्मरणीय है हम कभी भी उनके योगदान को भुला नहीं सकते उनका योगदान हमारे दिलों में हमेशा कायम रहेगा। ऐसी राजमाता पर भारतीय इतिहास का गर्व है।



## दिव्यांग जनों को दिया मोमबत्ती व अगरबत्ती मेकिंग का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में दिव्यांग जनों को 10 दिवसीय कैंडल और अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के समापन पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संच. ालन संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक अनुज कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने संस्थान परिसर का निरीक्षण किया और सभी दिव्यांजन प्रशिक्षणार्थियो से संवाद करते हुए उन्हें स्व रोजगार करने के लिए प्रेरित किया तथा उनकी इस कार्य को सिखने की लगन की सराहना की। उन्होंने कहा की सभी विकलांग पेंशन पर ही निर्भर न होकर अपना स्वयं का रोजगार करे। मौके पर सभी दिव्यांगजनों की समस्या को भी सुना। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की अगरबत्ती एवं जैल व मोम की मोमबत्ती एवं अन्य सामग्री का प्रशिक्षण डोमेन स्किल ट्रेनर सुषमा रानी द्वारा दिया गया। संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान मार्किट सम्बन्धी जानकारी, कच्चे मॉल की जानकारी, स्वरोजगार के गुण एवं बैंक व सरकारी लोन सम्बन्धी सभी जानकारी दी गयी। यूनिट विजिट के दौरान सभी प्रशिक्षार्थियों को बड़ौत स्थित नीलकण्ठ एरोमेटिक में मोमबत्ती एवं अगरबत्ती बनाने की विधि सीखी, जिसके संचालक आरसेटी के पुराने प्रशिक्षु पंकज जी हैं। आरसेटी बागपत में चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम जूनियर ब्यूटी पार्लर प्रैक्टिशनर एवं महिला सिलाई के सभी 105 प्रशिक्षणर्थियों से मुलाकात की तथा सभी को आगे बढ़ने की और प्रेरित किया एवं आरसेटी बागपत एवं केनरा बैंक को ऐसा सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। आगामी माह में संस्थान में फ़ास्ट फ़ूड स्टाल उद्यमी एवं जुट प्रोडट्स उद्यमी का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान की प्रशिक्षक रूपल चौहान और कार्यालय सहायक अनुज कुमार एवं धीरज कुमार परिचर अश्वनी दीक्षित एवं नवीन का सहयोग रहा एवं सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाया। कार्यक्रम में गुलफान, रिंकी, सुधीर कुमार, गुलशन, रिजवान अली, गुरदीप, सोमपाल, शिवम आदि दिव्यांगजन उपस्थित रहे।



## समर कैंप में विद्यार्थियों को नए अनुभवों की दी जारी रही जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाताश**

**बडौत।** माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में चल रहे समर कैंप में विद्यार्थियों को नए अनुभवों और बहुपक्षीय कौशल विकास के अवसर मिल रहे हैं। समर कैम्प का छठा दिन भी अनेक ज्ञानवर्धक और मनोविनोद से भरपूर गतिविधियों का साक्षी रहा। समर कैंप की ये गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल आनंद ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल, आत्म-नियंत्रण और सृजनात्मक कृष्टिकोण भी प्रदान कर रही हैं। विद्यालय के चेयरमैन बिजेंद्र कुमार जैन एवं डायरेक्टर हंसकुमार जैन, समिति सदस्य अंकुर जैन, अनुज जैन व अक्षत जैन, ऋषभ जैन के सशक्त नेतृत्व तथा प्रधानाचार्य निशांत कुमार की सतत देखरेख में यह समर कैंप एक सकारात्मक, प्रेरणात्मक एवं समावेशी शैक्षणिक वातावरण निर्मित कर रहा है।



## आवारा पशुओं को लेकर ठोस कदम उठाए सरकार:चौ.महेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसानों की हर समस्या संगठन की समस्या है। किसान देश का अन्नदाता है लेकिन आज किसान अनेक कठिनाइयों से जूझ रहे और सरकार अनदेखी कर रही है। उनका संगठन किसानों के लिए हर समय तत्पर है। गांव नौरोजपुर गुर्जर स्तिथ भारतीय किसान यूनियन उतरकखंड के प्रदेश सचिव चौधरी नाजिम गुज्जर के आवास पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष चौधरी महेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बाजार में किसानों को लोकल दवाई महंगे दामों में दी जा रही है किसानों को ठगा जा रहा है। व्यापारी अपनी जेब भरने में लगी है। मिल मालिक किसानों के विषेस प्रजाति का गन्ना खरीदते है जिसमे लागत अधिक आती है। कृषि मंत्री को ये मामला संज्ञान में लेना चाहिए। आवारा पशुओं से किसान परेशान है। इस पर जो धन सरकार खर्च कर रही है। उसका सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा उनका संघटन किसानों के हितों को लड़ाई लड़ता रहेगा देश में जहा भी किसानों की कोई समस्या होगी वे हर समय तैयार है।




## किसानों का आवारा गौवंशों को पकड़ने का अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना-सहबानपुर के जंगल में किसानों ने आवारा गोवंशों को पकड़ने का अभियान शुरू किया है। किसान पिछले 4 दिनों से लगातार इस काम में जुटे हैं और अब तक 42 से अधिक गोवंशों को पकड़ चुके हैं।

सहबानपुर गांव के अरुण यादव ने बताया कि ललियाना, गोना, सहबानपुर, सुराना सहित कई गांवों में आवारा गोवंश किसानों के लिए समस्या बने हुए हैं। किसानों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने 4-5 लाख रुपए चंदा इकट्ठा किया और अधिकारियों से गोवंशों को पकड़ने की अनुमति ली। अधिकारियों ने पकड़े गए गोवंशों को गौशाला भिजवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने जंगल में ही डेरा डाल दिया है। वहीं खाने के लिए भट्टी भी लगाई गई है। कुछ घायल गोवंशों का उपचार भी ग्रामीण खुद के खर्चे पर कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार जंगल में अभी भी लगभग 200-250 गोवंश मौजूद हैं। उनका कहना है कि अगर अधिकारी पकड़े गए गोवंशों को गौशाला नहीं भेजेंगे, तो वे सभी पशुओं को अपने खर्चे पर बागपत कलेक्ट्रेट ले जाएंगे। अधिकारियों के सहयोग न मिलने से ग्रामीणों में निराशा है, लेकिन वे अपनी फसलों को नुकसान से बचाने के लिए यह अभियान जारी रखे हुए हैं।



**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 **शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051
Website: http://www.truhomefinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **31 मई, 2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।
विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए **ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता का नाम और पता |
|---|
| श्री अंकित कुमार पुत्र श्री रमेश कुमार<br>प्लॉट नंबर 141, जीएफ-4, ज्ञान खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201014.<br>श्री यतिन कुमार पुत्र रमेश कुमार<br>प्लॉट नंबर 141, जीएफ-4, ज्ञान खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.<br>श्रीमती अंशुमा मेहता पत्नी श्री अंकित कुमार<br>प्लॉट नंबर 141, जी एफ-4, ज्ञान खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.<br>श्रीमती अंशुमा मेहता पुत्री श्री राकेश मेहता ग्राम-पांडुकसवार, जिला-चमोली, उत्तराखंड-246443.<br>श्री अंकित चौधरी पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह<br>मकान नंबर 165, अटौर, अटौर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201003.<br>इसके अलावा: मकान/खसरा नंबर 254 डी, खाता नंबर 00350, गांव-नगला फिरोज मोहनपुर, परगना-जलालाबाद, तहसील और जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201003.<br>श्रीमती रेखा पत्नी श्री देवेन्द्र<br>मकान नंबर 165, अटौर, अटौर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201003.<br>इसके अलावा: गांव- नगला फिरोज, अटौर, मोहनपुर, गाजियाबाद उत्तर, प्रदेश-201003. |
| **डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि** |
| रु. 40,30,591/-(रू.चालीस लाख तीस हजार पांच सौ निन्यानवे मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या SHLHGPRK0001949 दिनांक 10 मार्च 2025 तक,<br>मांग नोटिस की दिनांक- 20 मार्च 2025<br>सांकेतिक कब्जे की दिनांक- 31 मई 2025 एनपीए की तिथि-05 मार्च 2025 |
| **गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण** |
| वह सभी हिस्सा और पार्सल पर आवासीय फ्लैट संख्या जी.एफ-4, एच.आई.जी, भू-तल पीछे की ओर बिना छत के अधिकार के, प्लॉट संख्या ज्ञान खंड-I/141, क्षेत्रफल 60 वर्ग मीटर, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.<br>सीमा:- पूर्व:- 36 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:- प्लॉट नं.162, उत्तर:- प्लॉट नं.142, दक्षिण:- प्लॉट नं. 140. |
| **उधारकर्ता का नाम और पता** |
| श्री अंकित चौधरी पुत्र श्री देवेन्द्र सिंह<br>मकान नं.165, अटौर, अटौर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201003.<br>इसके अलावा: मकान/खसरा नंबर 254 डी, खाता नंबर 00350, गांव-नगला फिरोज मोहनपुर, परगना-जलालाबाद, तहसील और जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201003.<br>श्रीमती रेखा पत्नी श्री देवेन्द्र<br>मकान नंबर 165, अटौर, अटौर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201003.<br>इसके अलावा: गांव- नगला फिरोज, अटौर, मोहनपुर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201003. |
| **डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि** |
| रु. 34,23,507/- (रु. चौंतीस लाख तेईस हजार पांच सौ सात मात्र) संदर्भ में ऋण खाता संख्या SLPHGPRK0001481 दिनांक 11 मार्च 2025 तक<br>मांग नोटिस की दिनांक- 20 मार्च 2025<br>सांकेतिक कब्जे की दिनांक-DD-MMM-2025 एनपीए की तिथि-05 मार्च 2025. |
| **गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण** |
| वह सभी हिस्सा और पार्सल पर संपत्ति मकान नंबर, खसरा नंबर 254 डी, खाता नंबर 00350, क्षेत्रफल 200 वर्ग गज, गांव-नगला फिरोज मोहनपुर, परगना-जलालाबाद, तहसील और जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। सीमा:- पूर्व:- रोड 45 फीट, पश्चिम:- प्लॉट अन्य दीगर, उत्तर:- रोड 15 फीट, दक्षिण:- प्लॉट अन्य दीगर। |

स्थान: गाजियाबाद एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
दिनांक: 31.05.2025 (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# 50 लाख गांजे के साथ पांच गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-2 पुलिस व सीआरटी टीम ने पांच गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये लोग थाइलैंड से ओजी गांजा शिलॉन्ग मंग. वाकर दिल्ली एनसीआर में में सप्लाई करते है। इनके पास अन्य दो और किस्म का गांजा बरामद किया गया। बरामद किया गया गांजा करीब 26.5 किलो है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपए के आसपास है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इनके कब्जे से 2 किला. ग्राम ओजी गांजा, 8 किलोग्राम शिला. ंग गांजा व 16.5 किलोग्राम मेंगो गांजा बरामद किया गया। ये लोग बाइक से एनसीआर में गांजा सप्लाई करते है। इनकी पहचान चंदन राव, अजीम, शमीम ये तीनों अनपढ़ है।वहीं बंटी कुमार और सूरज राव दोनों बीए पास है। इन पांचों को एक्सप्रेस वे रोड सेक्टर-93 कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

**कॉलेज और सोसाइटी टारगेट:** डीसीपी ने बताया कि ये गांजा एनसीआर के कालेज, सोसाइटियों में सप्लाई करते है। ये पकड़े न जाए इसलिए एक जगह नहीं रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं। इन सभी का कोई निश्चित ग्राहक नहीं होता। बल्कि यह मोल तोल करके जहां भी इनको अधिक दाम मिलता है। वहीं दही गांजा बेच देते है। वाट्स एप्प काल का प्रयोग कर बात करते थे ताकी पुलिस इनको ट्रैक न कर सके। गाजा सप्लाई करने के लिए बाइक का प्रयोग करते है।

**ट्रेन से लाते थे गांजा:** थाइलैंड से ओझी गांजा शिलांग आता है। वहां से ये लोग ओझी गांजा, शिलांग गांजा और मेंगो गांजा ये तीन किस्म का गांजा सामान के साथ दबाकर एनसीआर के प्रमुख स्टेशन से पहले उतार लेते है। वहां से बाइक के जरिए ये गांजा एनसीआर में लाते है और बेचते है। इनके मोबाइल से कई ग्राहकों के नंबर भी मिले है। जिसमें अधिकांश स्टूडेंट और पीजी में रहने वाले लोग है।

## ईद की नमाज दो पाली में होगी

**दादरी।** नगर कोतवाली के प्रांगण में सोमवार को आयोजित शांति समिति की बैठक हुई। इसमें आमका रोड पर ईदगाह पर होने वाली ईद की नमाज को दो पाली में आयोजित करने पर सहमति बनी। ईदगाह कमेटी ने पहली पाली में सवेरे पौने सात बजे और दूसरी पाली में सवा आठ बजे से ईद की नमाज करने की बात कही। बैठक में लोगों ने ईद के दिन बिजली आपूर्ति ठीक रखने की भी मांग की। अधिकारियों ने कहा कि ईद पर होने वाली कुर्बानी की फोटो सोशल मीडिया पर युवक साझा ना करें, ताकि किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं को कोई ठेस न पहुंचे। त्यौहार पर कचरा नगर पालिका परिषद की गाड़ियों में ही डालें। बैठक में एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार एसीपी सौम्या सिंह एसडीएम दादरी थाना प्रभारी दादरी समेत एच के शर्मा, पवन बंसल, नईम मेवाती, आजाद मलिक, मनोज गोयल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# समय से ऑफिस नहीं आने पर 35 का रोका वेतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में जीरो टालरेंस नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को करीब 35 कर्मचारी और अधिकारी समय से ऑफिस नहीं आए। इन सभी के एक दिन का वेतन रोकने का आदेश नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने दिए है।

उन्होंने बताया कि विगत कई बार से कर्मचारियों और अधिकारियों को समय से ऑफिस आने के लिए निर्देशित किया जाता रहा है। इसके बाद भी ये लोग समय से ऑफिस नहीं पहुंचे। इसके लिए इन सभी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

स्पष्टीकरण नहीं देने पर नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा।




बता दे पहले भी सीईओ द्वारा प्राधिकरण का अचानक निरीक्षण कर कई बार अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी जारी की जा चुकी है। यही नहीं एक बुजुर्ग का कार्य करने में देरी होने पर पूरे स्टॉफ को ही एक घंटे तक खड़े होकर कार्य करने की सजा भी दी जा चुकी है।

दरअसल सोमवार को सीईओ लोकेश एम कार्यालय पहुंचे। इसके बाद उन्होंने डिपार्टमेंट वाइज अधिकारियों और कर्मचारियों की अटेंडेंस शीट देखी। जिसमें करीब 35 अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय नहीं आए थे। इन सभी के खिलाफ एक्शन लिया गया।

# नोएडा प्राधिकरण ने निर्माणाधीन इमारतों को किया सील




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अधिग्रहीत और कब्जा प्राप्त भूमि पर बिना अनुमति और बिना नक्शा पास कराए बन रही अवैध इमारतों को सील कर रहा है। इस क्रम में सोमवार को प्राधिकरण की वर्क सर्किल-8, 9 भूलेख विभाग की टीम ने छह अलग-अलग खसरा नंबर पर बन रही इमारतों को सील किया।

इसमें वर्क सर्किल 9 के तहत गांव नगली वाजिदपुर में खसरा संख्या 168, 197, 204, 188 व 72 और वर्क सर्किल 8 के अन्तर्गत गाव हाजीपुर स्थित खसरा संख्या 237 की भूमि पर अवैध रूप से निर्मित किए जा रहे हाइ. राइज इमारत है। प्राधिकरण ने बताया कि इन खसरों की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे अतिक्रमणकर्ताओं को कई बार नोटिस दिए गए। लेकिन अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा निर्माण कार्य को नहीं रोका गया। इस कारण प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणाधीन भवनों को सील किया गया। इन अवैध निर्माण को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए ध्वस्त किया जाएगा।

**जारी की एडवाइजरी:** इन इमारतों पर यह बिल्डिंग अवैध है ष भी अंकित करा दिया गया है। इस मौके पर प्राधिकरण ने एडवाइजरी की। प्राधिकरण ने लोगों को सचेत किया कि उक्त खसरों की भूमि, भवन खरीदने बेचने वाले भूमाफियाओं के चंगुल में न आएं। यहां पर प्राधिकरण के नियोजन अनुसार ही विकास कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

**150 इमारतों पर लिखा चुका है:** बता दें नोएडा प्राधिकरण की ओर से अब करीब 150 इमारतों पर ये इमारत अवैध है लिखवाया जा चुका है। इसमें कई रिहाइशी इमारत और कामर्शियल इमारत शामिल है। जिनको ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया नोएडा में किसी भी तरह का अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## आरडब्ल्यूए बैठक में लोगों ने समस्याएं रखीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-36 में रविवार को आरडब्ल्यूए की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता ज्ञानवीर पहलवान और संचालन भगवान स्वरूप शर्मा ने किया। इस दौरान अध्यक्ष सूरत नागर, महासचिव प्रमोद भाटी, कोषाध्यक्ष सुजीत तिवारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने गार्बेज का प्रतिदिन ना उठाना, स्ट्रीट लाइटों का बंद होना, सेक्टर में जगह-जगह मलबा पड़ा होना, शोभा बिल्डर द्वारा गेट सैक्टर के अंदर खोलना, पार्कों का रखरखाव ना होना आदि समस्याए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के समक्ष रखी। आरडब्ल्यूए के उपाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि जल्द ही सभी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा।

## एक नजर

### तिलपता गांव में जलभराव और ट्रैफिक जाम से परेशान किसान

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव में किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया। भारतीय किसान यूनियन बलराज के नेतृत्व में हुई इस महापंचायत में गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। मंदिर के पास जल भराव और ट्रैफिक जाम प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं। दादरी-सूरजपुर मार्ग पर गांव में लंबे समय से दूषित पानी भरा रहता है। नहर की सफाई न होने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीण लंबे समय से पानी निकासी और जल भराव समेत अन्य समस्याओं का समाधान मांग रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन बलराज के अध्यक्ष बलराज भाटी के नेतृत्व में किसानों ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे अनिश्चितकाल. ीन धरना देंगे।

### प्रेमिका से दुष्कर्म के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कंपनीकर्मी युवती ने अपने प्रेमी इंजीनियर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरा. ेपी पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर एक लाख नब्बे हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवाने का भी आरोप लगाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की थी कि कंपनी में साथ काम करने वाले इंजी. नियर प्रियांक मिश्रा से उसकी दोस्ती हुई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों लिव इन में रहने लगे।

आरोपी इंजीनियर ने उसको शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया। आरोपी पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। उसने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने खाते में रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने गाली-गलौज की। जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरा. ेपी इंजीनियर प्रियांक मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### नोएडा-ग्रेनो मेट्रो में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा-ग्रेनो मेट्रो और यहां के स्टेशनों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी है। नए सिरे से इस लाइन के 21 स्टेशनों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने टेंडर जारी कर दिया है। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि जो एजेंसी सीसीटीवी कैमरे लगाएगी, उसको दो साल तक उनकी देखरेख भी करनी होगी। जिस एजेंसी का टेंडर में चयन होगा, उसको एनएमआरसी चार करोड़ 98 लाख रुपये का भुगतान करेगी। अधिकारियों ने बताया कि अभी लगे सीसीटीवी की तुलना में ये हाइटेक यानी अत्याधुनिक होंगे। अभी कैमरों के लिए जो कंट्रोल रूम बना हुआ है, उसी से इनकी निगरानी और बैकअप की सुविधा दी जाएगी।

इसके अलावा टेंडर की शर्तों में अन्य चीजों को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि इस लाइन के 21 स्टेशनों की रोजाना की राइडरशिप 55 हजार से अधिक चल रही है। सेक्टर-51, परी चौक, नॉलेज पार्क-2 स्टेशन से सबसे ज्यादा लोग सफर करते हैं।

### किसान यूनियन भानु की बैठक

#### हरिद्वार में 13 से 15 जून तक होगा चिंतन शिविर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के कनारसी गांव में भारतीय किसान यूनियन भानु की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिलाध्यक्ष राजकुमार नागर के आवास पर हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश प्रवक्ता मास्टर महकार नागर ने बैठक का संचालन किया। हरिद्वार में आयोजित होने वाले चिंतन शिविर की तैयारियों को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि चिंतन शिविर 13 से 15 जून तक चलेगा। इस शिविर में देशभर से किसान शामिल होंगे। किसानों के शोषण को रोकने के उपायों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

बैठक में सत्यवीर सिंह, जय कुमार, अशोक कुमार, आनंद दरोगा, प्रेम सिंह भाटी, भानु प्रकाश, ब्रिजेश सिंह, टीकम नागर, राजवीर मुखिया, अनिल बैसोया, महेश तंवर, डॉक्टर रोहतास, सोनू अवाना, हरी अवाना, मोनू उर्फ राजकुमार, सुनील अवाना, मुनीम नागर और प्रदीप भाटी सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

# सीवर समस्या का तुरंत समाधान करना होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीवर ओवरफ्लो की शिकायत मिलने पर उसी दिन समाधान करना होगा। ऐसा नहीं करने पर अवर अभियंता और प्रबंधक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। यह निर्देश सोमवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम ने जारी किए। सीईओ ने जल-सीवर और विद्युत यांत्रिक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रतिदिन जन शिकायतों और प्राप्त फोन कॉल का संपूर्ण निस्तारण नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। अवैध निर्मित भवनों के सीवर कनेक्शन काटे जाएं। शहर में जल आपूर्ति मानक के अनुसार उपलब्ध कराई जाए। सभी वरिष्ठ प्रबंधक और प्रबंधक रोजाना अपने क्षेत्र में स्थापित सभी स्ट्रीट लाइट को क्रियाशील रखने के लिए भ्रमण करें। अगर कोई लाइट खराब है वह हर हाल में अगले दिन तक ठीक हो जाए। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे, अंडरपास और आंतरिक सड़कों पर लाइटों का सुचारू रूप से काम सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी काम के आगणन के गठन से पहले स्थल की माप सुनिश्चित की जाए। इसके बाद ही सैद्धांतिक स्वीकृति के लिए के लिए उसे प्रस्तुत किया जाए।

ऐप और हेल्पलाइन को दुरुस्त करें सीईओ ने कहा कि स्ट्रीट लाइटों के अनुरक्षण के लिए बने नोएडा स्मार्ट एलईडी ऐप व हेल्पलाइन नंबर-18001029574 को पूरी तरह क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

## शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर 1.90 लाख की रकम वसूलने वाले एक शातिर बदमाश को थाना बीटा-टू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने प्रियंक मिश्रा पुत्र प्रदीप मिश्रा निवासी बीटा-टू को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया तथा शारीरिक संबंध बनाते समय की अश्लील वीडियो बनाकर अपने पास रख लिया। कुछ दिन बाद उक्त वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह उससे पैसे की मांग करने लगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने दबाव बनाकर उससे एक 1.90 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिया।

# एनसीआर में निर्माणाधीन इमारतों में आरोप लगाने का झांसा देकर ठगी में तीन शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** एनसीआर में निर्माणाधीन बहु मंजिला इमारतों तथा सोसायटियों में आरो लगाने के नाम पर एक दुकानदार को तीन लोगों ने अपने झांसे में लेकर बुलंदशहर गए। वहां पर सट्टा खिलवाया तथा गोटिया के खेल बनाकर उससे 12 हजार रुपए ले लिया, तथा कहा कि कुछ दिन बाद आपके जीते हुए पैसे की राशि 12 लाख रुपया हो जाएगी तथा आपको मिल जाएगी। इसके बाद से आरोपी फरार हो गए। इस मामले की पीड़ित द्वारा थाना जेवर में ए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की जांच पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी व टप्पेबाजी करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 हजार नकद, 6 फर्जी आधार कार्ड, घटना में प्रयुक्त 5 मोबाईल फोन एवं एक मोटर साईकिल बरामद किया है।

थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मांगे राम अत्री पुत्र बालकिशन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ग्राम करोल के रहने वाला हैं। पीड़ित के अनुसार जेवर स्थित अंबा मॉल में उनकी एक दुकान है, जिसमें वह आरो बेचने और एलआईसी का काम करने का काम करता हैं। पीड़ित के अनुसार 16 मई को उनके पास करण यादव नामक एक व्यक्ति आया तथा उसने कहा कि उसकी कई बड़े-बड़े बिल्डरों से जान पहचान है। हम दोनों मिलकर बिल्डरों को आरो सप्लाई करेंगे, जिससे दोनों को काफी फायदा होगा। पीड़ित को अपने झांसे में लेकर करण यादव बुलंदशहर लेकर गया तथा वहां पर एक बिल्डर कंपनी के मैनेजर से मुलाकात करवाने की बात कही। पीड़ित के अनुसार वहां कुछ लोग उससे मिले। उक्त लोगों ने अपने झांसे में लेकर उसे सट्टा खिलवाया तथा गोटिया के खेल बनाकर उससे 12 हजार रुपए ले लिया, तथा कहा कि कुछ दिन बाद आपके जीते हुए पैसे की राशि 12 लाख रुपया हो जाएगी तथा आपको मिल जाएगी। पीड़ित के अनुसार तब से वह लगातार उनसे संपर्क करना चाह रहा है, लेकिन वे लोग पीड़ित से बात नहीं कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के अनुसार इन लोगों ने एक राय होकर उनके साथ टप्पेबाजी और धोखाधड़ी करके 12 हजार रुपए ठग लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज एक सूचना पर वांछित अभियुक्त कपिल पुत्र लक्ष्मण सिंहयतीश शर्मा पुत्र मुकुन्दी लाल शर्मा तथा पप्पन उर्फ प्रदीप पुत्र विष्णु को चोरोली अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया है।

# कैच द रेन अभियान का जनपद में व्यापक स्तर पर कराया जाए प्रचार प्रसार: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने एवं बरसात के मौसम में अधिक से अधिक वर्षा जल संचयन के लिए संचालित जल शक्ति अभियान कैच द रेन के जनपद में सफल क्रियान्वयन को लेकर आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि कैच द रेन अभियान के अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जल स्रोतों का नवीनीकरण और पुन: उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वृक्षारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प तथा जल संचयन संबंधी अन्य कार्य किए जाने हैं। साथ ही सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप



रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना एवं जिले के सभी अमृत सरोवरों के जल प्रवाह में रुकावट को ठीक किया जाना है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह अभियान केंद्र और राज्य सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों जैसे कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, हाई राइज सोसायटी आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किए जाएं।

जिलाधिकारी में बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जे. एस. ए. पोर्टल पर पूर्ण कराए गए कार्यों की प्रगति अपना व्यक्तिगत ध्यान देकर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लाप. रवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी विभागीय अधिकारी गण अपने-अपने विभाग का वाटर कंजर्वेशन प्लान भी यथाशीघ्र निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर कर सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में तथा कराए गए कार्यों की जियो टैगिंग करते हुए सहायक अभियंता लघु सिंचाई विकास भवन गौतम बुद्ध नगर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, सहायक अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद कुमार सिंह, भूगर्भ जल विभाग तथा वन विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केंद्र, नगर पालिका, कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नलकूप ऑपरेटरों ने प्राधिकरण पर किया हल्ला बोल प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में लगे लगभग 700 नलकूप ऑपरेटरों की समस्याओं को लेकर सोमवार को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कई माह से वेतन नहीं मिला है। ठेकेदार कर्मचारियों के हकों पर डाका डाल रहा है। आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में लगे लगभग 700 नलकूप ऑपरेटर कर्मचारियों की अने. कों पुरानी समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विकास प्रधान के नेतृत्व में ऑपरेटर कर्मचारियों ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आलोक नागर ने बताया कि प्राधिकरण में लगे पंप ऑपरेटर की समस्याओं को लेकर आज ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया और कई मांगों को लेकर ज्ञापन ओएसडी बृजेश पाठक को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि कुछ ठेकेदार पम्प कर्मचारियों के साथ जुल्म कर रहे हैं। 20 साल से लगातार ईएसआईसी और ईपीएफ के नाम पर धांधली कर रहे हैं। किसी भी कर्मचारी को ईएसआईसी और ईपीएफ पूरा और समय से नहीं मिल रहा है। कुछ जोन के ठेकेदारों द्वारा पंप ऑपरेटरों की सैलरी भी समय से नहीं दी जा रही है।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश भाटी ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा जबरन कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। कर्मचारियों का वेतन फर्जी तरीके से काटा जा रहा है। बहुत सारे ऐसे कर्मचारी हैं, जिनका 5 से 7 महीने का वेतन बकाया है। लोकेश भाटी ने कहा जब तक प्राधिकरण सभी कर्मचारियों को जैम पोर्टल से नहीं जोड़ता, तब तक सभी पंप ऑपरेटर का उत्पीड़न होता रहेगा।

# संभ्रांत लोगों के संग पीस कमेटी की हुई बैठक

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आज ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में संभ्रांत व्यक्तियों व धर्म गुरूओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। इस दौरान व्यक्तियों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने व आपसी सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई। इसके साथ ही सभी को अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की असामाजिक टिप्पणी करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे, जिससे कानून व्यवस्था स्थापित रहे।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आज पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा साद मियां खान के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय ग्रेटर नोएडा सौम्या सिंह द्वारा थाना जारचा व दादरी पर संभ्रांत नागरिकों के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग की गयी।

मीटिंग में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए पुलिस अधिकारियों ने उन्हें आगामी त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने व किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में बताया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति द्वारा धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें एवं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे।

# पुलिस ने 10 घंटे में तलाशी गुमशुदा

## दिल्ली से लेकर नोएडा तक खंगाले 155 सीसीटीवी, परिजनों को था पड़ोसी पर शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-1 पुलिस ने 155 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज चेक करके एक तीन साल की बच्ची को 10 घंटे में सकुशल बरामद किया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची को उसके पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति अपने साथ ले गया।

पीड़ित ने इसकी शिकायत थाना फेज-1 में की।पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर तत्काल तीन टीमों का गठन किया गया। महज कुछ ही घंटों में बच्ची को नोएडा के हाजीपुर सेक्टर-103 थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से बरामद किया गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-10 में कृष्ण मंडल परिवार के साथ रहते है। उनकी तीन साल की बच्ची घर के



बाहर खेल रही थी। अचानक वो गायब हो गई। काफी तलाश की लेकिन वो नहीं मिली। सेक्टर-9 में रहने वाला विष्णु मंडल भी उसी समय ये गायब है। बताया गया कि विष्णु मंडल मान. सिक रूप से विक्षिप्त है। परिवार को शक हुआ कि कही विष्णु मंडल ही बच्ची को लेकर गया है। उन्होंने थाना फेज-1 में पुलिस से शिकायत की।

**तीन टीमों का गठन किया गया:** थाना फेज-1 पुलिस ने तत्काल तीन टीमों का गठन किया। तीनों टीमों को अलग-अलग दिशा में सर्च के लिए भेजा गया। साथ मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया गया। इसके बाद नोएडा के आसपास परिजनों और अन्य लोगों से पूछताछ की गई। दिल्ली के बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक तलाशे गए। लेकिन बच्ची का पता नहीं चला। जिसके बाद फोटो दिखाकर उसकी तलाश की गई। बच्ची का हिंट मिलते ही पुलिस सेक्टर-103 पहुंची।

**155 सीसीटीवी फुटेज देखी:** पुलिस की टीम ने सेक्टर 8, सेक्टर 9, सेक्टर 10, सेक्टर 11-12 के आस पास, सेक्टर 12- 22 चौराह, सेक्टर 19, डीएम चौराह, कैलाश हॉस्पिटल के आस पास, रजनीगंधा चौक, सेक्टर 15, सेक्टर 16, दलित प्रेरणा स्थल, अमिताभ बच्चन पार्क, अट्टा मार्किट, सेक्टर 18, सेटर 126 थाना क्षेत्र, थाना सेक्टर 113, थाना फेस 2, थाना सेक्टर 58, आनन्द विहार बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन, कौशाम्बी बस स्टैंड, बोटेनिकल बस स्टेंड, थाना सेक्टर 49 व थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में घूम फिरकर लगभग 155 सीसीटीवी कैमरों को चौक किया गया। इसके बाद बच्ची को हाजीपुर सेक्टर-103 से बरामद किया गया। बच्ची सकुशल है।

# जिम्स अस्पताल में लावारिस मरीज की देखभाल में लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में एक लावारिस मानसिक रोगी की देखभाल में लाप. रवाही का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में मरीज बाथरूम के पास पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। वह अपने हाथों को पीट रहा था, लेकिन उसकी मदद के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था।

अल्फा टू सेक्टर के अध्यक्ष सुभाष भाटी ने यह वीडियो बनाया। उन्होंने बताया कि शनिवार को अस्पताल में यह स्थिति देखी। मरीज मदद के लिए गुहार लगा रहा था। रिसेप्शन पर कोई नहीं था। दो वार्ड बॉय कमरे में फोन देख रहे थे।

जिम्स के निदेशक डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि मरीज साइकॉटिक है। उसे अन्य मरीजों की सुरक्षा के लिए बांधकर रखना पड़ता है। वह लावारिस है और बिना किसी परिच. ारक के भर्ती किया गया था। संभवत: वह बाथरूम गया और वहीं गिर गया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# गंगा पुल पर अनियंत्रित होकर रैलिंग तोड़ते हुए लटका ट्रक

## मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए सुचारू कराया आवागमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गड्डों की मरम्मत के कार्य में पत्थर डालकर लौट रहा डंपर अनियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ता हुआ दोनों पुलों की साइड में अटक गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना बाल बाल टलने के साथ ही काफी देर तक वाहनों का आवागमन प्रभावित रहा।

अति व्यस्ततम दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृजघाट गंगा पुल में चल रहे पिचिंग कार्य में इस्तेमाल होने वाला पत्थर डालकर वापस आ रहा एक डंपर अनियंत्रित होकर सोमवार की दोपहर को पुल की रेलिंग को तोड़ता हुआ बीचों बीच फंस गया। उक्त डंपर दोनों पुलों के बीच में अटक कर झूले की तरह लटक गया। जिसके बाद पुल में जाम लगना प्रारंभ हो गया। तत्काल सूचना मिलते ही बृजघाट चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कड़ी मशक्कत करते हुए वाहनों के आवागमन को सुचारू कराते हुए जाम को खुलवा दिया। इस हादसे के संबंध में बारीकी से जांच हड़ताल करते हुए आला अधिकारियों समेत एनएचएआई को भी अवगत करा दिया गया, क्योंकि कल से ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मेला भी प्रारंभ होने है, जिसमें दस लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसलिए बेहद



अल्प समय में क्षतिग्रस्त पुल के गड्डों की मरम्मत का कार्य पूरा करना होगा या मेला संपन्न होने तक मरम्मत कार्य को रोकना पड़ेगा। इसके अलावा टूटे हुए पुल पर आवागमन रोकने को भी बैरिकेड करनी पड़ेगी, ताकि अंधेरे के दौरान कोई वाहन या गंगा भक्त हादसे का शिकार न हो पाए। चौकी प्रभारी इंद्रकांत यादव का कहना है कि डंपर अनियंत्रित होने से साइड की रेलिंग टूट गई थी, जिसके कारण पुल से होकर आ जा रहे वाहनों का आवागमन प्रभावित होने से जाम जैसी स्थिति बन गई थी। आवागमन को पूरी तरह सुचारू कराते हुए इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है, ताकि ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार का जोखिम अथवा दिक्कत न उठानी पड़े।

# एचपीडीए की कार्रवाई पर मोनाड यूनिवर्सिटी में 1000 वर्ग गज सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माणो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के अनुपालन में दो जून को पिलखुवा विकास क्षेत्र के अन्तर्गत प्रवीण गुप्ता, प्रभारी सचिव, सक्षम अधिकारी, एचपीडीए के दिशा निर्देशन में मजिस्ट्रेट इला प्रकाश, उपजिला. धिकारी की उपस्थिति में क्षेत्राधिक. ारी अनीता चौहान, एवं थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक व पुलिस बल के सहयोग से ग्राम कस्तला कास्माबाद पिलखुवा में मोनाड यूनिवर्सिटी के परिसर में लगभग 1000 वर्ग गज में अनाधिकृत रूप से निर्माणाधीन चार मंजिला हास्टल भवन को सीलबन्द



कर दिया गया है।

इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन वीरेश कुमार राना, अवर अभियन्ता जितेन्द्रनाथ दुबे, अंगद सिंह एवं प्राधिकरण का सचल दस्ता सम्मिलित थे। सचिव, हापुड-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण विकासकर्ताओ को पुनः चेतावनी दी जाती है कि वह अवैध निर्माण विकास को तत्काल रोककर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण विकास करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माणकर्ताओ विकासकर्ताओ के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में पहुंचे कृषि मंत्री

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप ने किसानों से ऑर्गेनिक खेती करने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जनपद के गांव बनखण्डा में कृषि विभाग द्वारा आयोजित विक. सित कृषि संकल्प अभियान 2025 के कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सा लिया।

इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित किया, साथ ही किसानों से ऑर्गेनिक खेती करने का आवाहन किया। इस दौरान कृषि मंत्री ने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आज कुल जनसंख्या का करीब 60% हिस्सा आज भी कृषि पर




निर्भर है। किसानों को फसल सही समय पर उगने व फसल को तकनीकी बनाने की जानकारी देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश में यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम बहुत ही माइक्रो लेवल पर चलाए जा रहे है, जो की 29 मई से 12 जून तक चलेगा उत्तर प्रदेश में यह अभियान करीब 1135 स्थान पर चलाया जाएगा। कृषि मंत्री ने इस दौरान किसानों से भी आवाहन किया कि यदि आपके जिले में भी कहीं आसपास इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, तो आप वहां जरूर जाएं क्योंकि इस कार्यक्रम का जो उद्देश्य है वह किसानों को नई वैरायटी की जानकारी, नई तकनीकी की जानकारी और किसानों के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने का मुख्य उद्देश्य है। क्योंकि जब किसानों को भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं होगी तो वह उसका लाभ कैसे उठ पाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को इस प्रकार के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि वह फसल उत्पादक के नई वैरायटी, नई तकनीकी और सभी योजनाओं की जानकारी उनको पूरी तरह मिल सके और वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का पूरा-पूरा लाभ ले सके। इस कार्यक्रम में सदर विधायक विजयपाल आरती, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर, जिलाध्यक्ष नरेश सिंह तोमर आदि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रांसफार्मर से करंट उतरने से एक गोवंश की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर फगौता में सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से करंट उतरने के कारण एक गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे की है, जब गोवंश झाड़ियों में चरते हुए लोहे के विद्युत खंभे के संपर्क में आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे करंट पहले से उतर रहा था, जिसकी जानकारी विभागीय कर्मचारियों को दी जा चुकी थी, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। गोवंश की मौत के बाद मौके पर भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर की स्थिति सुधारी जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

## एक नजर

### तीर्थ नगरी में प्रदूषण की समस्या से मिलेगी मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट मुक्ति धाम ब्रजघाट को बहुत जल्द दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलने जा रही है, जिसको लेकर सेवा भारती द्वारा करोड़ों की लागत से दो मशीन लगवाई जाएंगी। जिसको लेकर पालिका बोर्ड में प्रस्ताव मंजूर होने के बाद अब डीएम की स्वीकृति होना बाकी रह गया है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े संगठन सेवा भारती द्वारा मोक्ष धाम संस्था का संचालन किया जा रहा है, जिसने मुक्ति धाम ब्रजघाट को दिवंगतों के दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण और वायुमंडल में छाने वाले धुएं के गुबार की समस्या से पूरी तरह मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। संस्था द्वारा मोक्ष स्थली ब्रजघाट के अंत्येष्टि स्थल में दो अत्याधुनिक मशीन लगाई जानी प्रस्तावित हैं, जिनको लेकर पालिका बोर्ड की छह दिन पहले हुई बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी। संस्था संचालक मंडल के अध्यक्ष एवं देव मैमोरियल स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल के मोक्ष धाम में जो दो मशीन लगाई जानी हैं, उन पर दो करोड़ से भी अधिक की रकम खर्च होने का अनुमान है। मोक्ष धाम संचालक मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि परंपरात ढंग में चिता जलने के दौरान वायुमंडल में धुएं का गुबार छाने के साथ ही बड़े स्तर पर प्रदूषण भी फैलता है, परंतु प्रस्तावित मशीनों द्वारा दाह संस्कार करने पर प्रदूषण जीरो परसेंट होने के साथ ही लकड़ी का उपयोग बेहद सीमित हो जाएगा। साथ ही चार से पांच घंटों का समय भी घटकर महज एक घंटा हो जाएगा।

### गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन सुन भक्त हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मोहमाया का त्याग करते हुए धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की मदद करने वालों पर ईश्वर की विशेष कृपा बरसती है, इसलिए किसी से भी मन में कोई द्वेष भावना न रखें।

पौराणिक गढ़ गंगानगरी की बागवाली कालोनी और प्राचीन मुक्तेश्वर महादेव नक्का कुआं मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के द्वितीय दिवस में गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन हुआ। वृंदावन से आए व्यास रुद्र कृष्ण ठाकुर महाराज और यश कृष्ण आचार्य ने गोकर्ण उपाख्यान का वर्णन करते हुए कहा कि आत्मदेव के घर में कोई पुत्र नहीं है तो वे पुत्र के लिए रोते हैं। पुत्र घर में नहीं होता तो माता पिता दो चार दिन रोते हैं, परंतु पुत्र होने के बाद नालायक या कपूत हो जाए तो माता पिता को जीवन भर रोना पड़ता है। व्यास ने कहा कि ये संसार बड़ा ही विचित्र है, इसलिए जैसी ममता हम संसार में करते हैं अगर वैसी ममता भगवान के चरणों में हो जाए तो कल्याण हो जाएगा। धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर समाज में प्रतिष्ठा पाने को सुंदर मकान बनाना, पत्नी और बच्चों से प्रेम करना, दुकान पर दस घंटे बैठकर धन कमाना भी धर्म का प्रमुख अंग है। उन संतो के जानने योग्य जो परम धर्म है वही कृष्ण कथा है। जिसका समूचा वर्णन श्रीमद् भागवत में निहित है। भगवान शंकर ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाई उसके प्रभाव से तोते का बच्चा अमर हो गया, जो वेदव्यास जी की धर्मपत्नी के गर्भ से सुखदेव के रूप में प्रकट हुआ। डोली शर्मा, वर्षा शर्मा, रुपेश पंडित, मदनपाल चौधरी, जित. ेंद्र चौधरी, राहुल शर्मा, पूजा गोस्वामी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

# 5 जून को है गंगा दशहरा, इस दिन की ये है मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हिन्दू धर्म में गंगा दशहरा की विशेष मान्यता है और गंगा नदी को मां गंगा कहा जाता है। कहते हैं गंगा में डुबकी लगाने से इंसान के सभी पाप धुल जाते है ऐसे में गंगा दशहरा अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है।

मान्यतानुसार, ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर हस्त नक्षत्र में मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं। भागीरथ मां गंगा को धरती पर लाए थे इसीलिए मां गंगा को भागीरथी के नाम से भी जाना जाता है। गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूरे मनोभाव से पूजा की जाती है और कहा जाता है कि मां गंगा प्रसन्न होकर भक्तों को सुख-समृद्धि का वरदान देती हैं। ऐसे में जानिए इस साल गंगा दशहरा किस दिन है और किस तरह मां गंगा को प्रसन्न किया जा सकता है। इस साल ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 4 जून की रात 11 बजकर 54 मिनट पर शुरू हो रही है, ऐसे में उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए 5 जून, गुरुवार को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। गंगा दशहरा पर सुबह 9 बजकर 14 मिनट पर सिद्धि योग रहेगा, इसके साथ ही इस दिन रवि योग और हस्त नक्षत्र रहेगा और दोपहर 1 बजकर 2 मिनट पर तैतिल करण रहेगा यह योग दोपहर 2 बजकर 15 मिनट तक रहने वाला है। गंगा दशहरा पर मान्यतानुसार स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है इस दिन सुबह उठकर गंगा नदी में स्नान करने के लिए जाया जाता है। जो लोग गंगा नदी के आस-पास नहीं रहते हैं वे पानी में गंगाजल डालकर स्नान करते हैं, और नहाने के बाद देवी-देवताओं का गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। मां गंगा का ध्यान लगाया जाता है जिसके बाद मां गंगा को भोग लगाकर पूजा का समापन होता है। मान्यता है कि राजा भगीरथ की घोर तपस्या के फलस्वरूप मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा के दिन गंगा में स्नान करने का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दिन स्नान से दस प्रकार के पापों से छुटकारा मिलता है। इन पापों में शारीरिक, मानसिक और वाणी से जुड़े दोष शामिल होते हैं, जो पुण्य की प्राप्ति में बाधा बनते हैं। इस दिन किया गया स्नान, दान और पूजन जीवन को शुद्ध और शांतिपूर्ण बनाने में मदद करता है।

# भाकियू ने बिजली दफ्तर का घेराव कर दिया बेमियादी धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में सोमवार को मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। मासिक पंचायत की अध्यक्षता गढ़ तहसील संयोजक हाजी नासिर अली ने की और संचालन जिला महा सचिव कैप्टन राजेश चौधरी ने किया।



इस दौरान किसान और मजदूर समेत कई समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसके बाद भाकियू टीम व किसान और मजदूर की समस्याओं को लेकर बिजली दफ्तर में नारेबा. जी करते हुए बेमियादी धरने पर बैठ गए। बिजली दफ्तर का घेराव करने के बाद विधुत अफसर बिजली घर से नदारद मिले। इस दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि विधुत विभाग द्वारा किसान समेत मजदूरों की समस्याओं का जब तक निस्तारण नही कर दिया जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं उपभोक्ताओं को नवीन विधुत कनेक्शन देने के नाम पर भी अवैध वसूली की जाती है, जिसके चलते गरीब मजलूम व किसान के साथ दिनदहाड़े लूट की जा रही है। इस दौरान महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, जिला संरक्षक पीके वर्मा आदि का कहना है कि विधुत विभाग द्वारा गरीब पिछड़े मजदूर व किसानों का चालान के नाम पर भर्ष्टाचार बड़े चरम किया जा रहा है। मासिक पंचायत के दौरान जग रोशनी, कुमुद पाराशर, गीता सिरो. ही, पंकज देवी, रेखा शाहिद खां फैज़ान अब्बासी का कहना है कि ब्लॉक स्तर पर आवारा गोवंशों की धर पकड़ करने के लिए कई बार धरना प्रदर्शन किया गया है, लेकिन शासन प्रशासन इस पर कुछ भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। अगर जल्दी आवारा पशुओं की धरपकड़ नही की गई तो भारतीय किसान टिकैत बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। मासिक पंचायत में मौजूद जिला सरक्षण पीके वर्मा, इमरान अब्बासी,नफीस अहमद, नोशाद अल्वी, शदाब तोमर, बिल्लू त्यागी, जुबैर खान, मास्टर मनोज, कुँवर खुशनूद अली, आसिफ प्रधान, जगबीर चौहान आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-जुहा व गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में ज्येष्ठ गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज के वक्त ईदगाह व मस्जिद की साफ-सफाई हेतु नगरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी एवं पंचायती राज अधिकारी साफ सफाई सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने कहा कि संबंधित उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी रूट पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि कुर्बानी स्थल परंपरागत रहे किसी नये व खुले स्थानों पर कुर्बानी ना दी जाए उसके



उपरांत अवशेष को खुले में ना रखें उसको सही प्रकार से डिस्पोज किया जाये। उन्होंने मिश्रित आबादी में खास तौर से ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी ना दी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत निर्देश दिए कि इन त्योहारों पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा के पर्व को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान आने वाले किसी भी श्रद्धालु को गंगा स्नान के दौरान कोई समस्या उत्पन्न ना हो। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट ,चेंजिंग रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए उन्होंने मेले के दौरान साफ-सफाई के लिए शिफ्ट वाइस सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित को निर्देश दिए। इस दौरान जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले की तैयारी के संबंध में गढ़ बृजघाट का निरीक्षण किया। बैठक में अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिक. ारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, मंदिर एवं मस्जिदों के धर्म गुरु सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ के आरोपी पर नहीं हुई कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** घर में घुसकर किशोरी से छेडखानी करने वाला चुप न बैठने पर भुगत लेने की धमकी देता घूम रहा है। पुलिस द्वारा कोई भी कार्रवाई न करने से आहत महिला ने अब एसपी से गुहार लगाई है।

सिंभावली क्षेत्र की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने हापुड़ पहुंचकर एसपी न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने बताया कि तीन दिन पहले वह घर से कुछ ही दूरी पर टंकी से पानी लेने गई थी, जिससे घर का दरवाजा खुला रहने पर एक पड़ोसी युवक घर में घुस गया था। जो वहां सो रही नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा था। परंतु अचानक आंख खुलते ही बेटी ने शोर मचा दिया, जिसे सुनते ही वह घर लौटी तो आरोपी ने उससे भी मारपीट कर दी। महिला का आरोप है कि शोर सुनकर कई लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देख आरोपी चुप न बैठने पर भुगत लेने की धमकी देता हुआ भाग गया। परंतु तहरीर देने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से आरा. ेपी का हौंसला बुलंद होने के साथ ही कालोनी वासियों में भी इस घटना से रोष बढ़ता जा रहा है। महिला ने बताया कि एसपी ने तहरीर पर जांच कराकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराने का भरोसा दिया है। एसओ सुमित तोमर का कहना है कि संबंधित मामले की जांच चल रही है, जिसमें सच्चाई सामने आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां

जिला प्रभारी, शाह टाइम्स

जनपद हापुड़

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालयः- अबेंडकर चौक हापुड़


# ज्येष्ठ दशहरा को लेकर जिला प्रशासन हुआ सतर्क, किया रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ज्येष्ठ दशहरा के मौके पर गंगा स्नान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। हाईवे पर जाम से निपटने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें आज रात से शनिवार की दोपहर तक ट्रक, कंटेनर, निजी बस समेत सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। जबकि, जीप, कार, मिनी ट्रक व अन्य छोटे वाहन चलते रहेंगे।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर ब्रजघाट पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान करेंगे। सभी लोग अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों से गंगा स्नान व पूजा अर्चना करने यहां आएंगे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर जाम लगने की संभावना रहेगी। जिसे ध्यान में




रखते हुए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। जिसके तहत कंटेनर, ट्रक, निजी बस वैकल्पिक मार्गो से जाएंगे। जबकि दूध, दही, फल व सब्जी के वाहन और एम्बुलेंस हाईवे पर यथावत चलते रहेंगे। इस दौरान आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। यदि इसमें लापरवाही बरती गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तीन जून की देर रात से छह जून की दोपहर तक हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा।

### बीस मई को स्थगित हुई परीक्षा होगी आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** किसान पीजी कॉलेज सिंभावली में बीस मई को एलएलबी की परीक्षा होनी थी, जिसे ऐन मौके पर सीसीयू प्रबंधन द्वारा स्थगित कर दिया गया था। किसान डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा.विजय गर्ग ने बताया कि बीस मई को एलएलबी की परीक्षा किसी अपरिहार्य कारण के चलते यूनिवर्सिटी प्रबंधन द्वारा स्थगित कर दिया गया। उक्त प्रश्न पत्र की परीक्षा आज होगी, जिसमें करीब ढाई सौ स्टूडेंट्स सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ ही अंतरिक्ष उडन् दस्ता टीम की देखरेख में सुबह दस बजे परीक्षा में शामिल होंगे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल में मनाया विश्व तम्बाकू दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेज में सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रभावशाली कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2025 मनाया।

इस वर्ष की थीम, अपील का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की चालों को उजागर करना रचनात्मक, शैक्षिक और समुदाय उन्मुख गतिविधियों के माध्यम से जीवंत किया गया। साम. ुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डा. ब्रिगेडियर विनीत रस्तोगी के नेतृत्व में इन कार्यक्रमों की संकल्पना और क्रियान्वयन किया गया। डा. शीतल दाधीच, सहायक प्रोफेसर, ने बताया




कि विभाग ने कड़ी मेहनत की और उत्साहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें तंबाकू के उपयोग के खतरों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाएगा तथा स्वस्थ जीवनशैली विकल्पों को प्रोत्साहित किया जाएगा। छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को तम्बाकू सेवन के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी परिणामों के बारे में प्रभावी ढंग से बताया गया।

# पुजारी ने अवैध पिस्तौल से खुद को गोली मारकर किया सुसाइड

## पत्नी से चल रहा था विवाद, परिवार के लोगों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कोतवाली क्षेत्र में एक पुजारी ने खुद को अवैध पिस्तौल से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि पत्नी से विवाद के बाद घटना को अंजाम दिया। पत्नी से विवाद के बाद पुजारी काफी समय से डिप्रेशन में चल रहा था इसी के चलते उसने अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया जहां कमरे में पुजारी की लाश मिलने के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना कोतवाली क्षेत्र के भाटवाड़े के रहने वाले रमन शर्मा सूरजकुंड पर श्मशान घाट पर पुजारी थे बताया जा रहा है कि रमन शर्मा का अपनी पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी के चलते वह कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे बताया गया कि सोमवार की सुबह समय करीब 11:30 बजे रमन ने अवैध पिस्तौल से खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। जहां परिवार के लोग गोली की आवाज सुनकर रमन के कमरे में पहुंचे तो देखा रमन का शव खून से लतपत जमीन पर पड़ा था। जिसके बाद उसके परिवार वालों की चीख पुकार मच गई वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### काफी समय में डिप्रेशन में था मृतक पुजारी

# करंट लगने से बंदर की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना टीपी नगर क्षेत्र के फल मंडी में बिजली ट्रांसफॉर्मर के करंट की चपेट में आने से बंदर की दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन बंदर तड़पता रहा बचाने कोई नहीं आया। बंदर घूमता हुआ ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा और चपेट में आ गया। चपेट में आने से बंदर ने अपनी जान बचाने के लिए काफी जद्दो जेहाद की लेकिन वह बिजली के करंट से नहीं बच पाया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान मंडी में खरीदारी करने पहुंचे लोग मूकदर्शक बनकर देखते रहे किसी ने बिजली विभाग को कॉल करने का भी प्रयास नहीं किया। सोमवार को फलमंडी में एक बंदर वहां लगे ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा और ट्रांसफार्मर पर चढ़ने का प्रयास करने लगा तभी बंदर उसकी चपेट में आ गया जिसके बाद उसे बिजली ने पकड़ लिया। इस दौरान बंदर खुद को



बचाने का प्रयास करता रहा लेकिन बच नहीं पाया और उसने तड़पते हुए वहीं दम तोड़ दिया। आसपास के लोग नजारे को देखकर अपने मोबा. इल में कैद कर रहे थे उन्होंने बिजली विभाग को फोन करने की जहमत तक नहीं उठाई अगर समय रहते विभाग को फोन कर दिया जाता तो शायद बंदर की जान बच सकती थी।

# बागपत सांसद सांत्वना देने पहुंचे किठौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ के बड़े भाई मौहम्मद इनाम का विगत दिनों लम्बी बीमारी के कारण देहांत हो गया था। सोमवार को उनको खिराजे अकीदत देने के लिए उनके निवास पर कस्बा किठौर में बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील रोहटा, प्रदेश महासचिव संगठन अजीत राठी, राष्ट्रीय सचिव अल्प प्रकोष्ठ ऐनुद्दीन शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा डॉ. राजीव बालियान, वरिष्ठ नेता चौ. सतेंद्र तेवतिया मोदीनगर, वरिष्ठ नेता जावेद रुहासा, जिला महासचिव नरेश चौधरी, क्षेत्रीय महासचि. चव विनय मल्लाहपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन योगेश फौजी, राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ ऋचा सिंह, वरिष्ठ नेत्री पूजा राजपूत, प्रदेश महासचिव महिला बीना चौधरी, महानगर अध्यक्ष महिला मीना पुनिया, जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ सुबोध मलिक, जिला महासचिव अंकुर मोदी, जिला महासचिव अनुराग चौधरी, क्षेत्रीय सचिव ओमवीर सिंह तोमर पूर्व प्रधानाचार्य, देवेंद्र धामा ग्राम साकरोड़, मास्टर ओमवीर सिंह ग्राम साकरोड़ बागपत, अमित फौजी बागपत, रीता वर्मा मेरठ, विभा सिंह मेरठ आदि मुख्य रूप से आवास



पर गए और उनके बड़े भाई के निधन पर दु:ख व्यक्त किया और कहा कि इस दु:ख कि घड़ी में सम्पूर्ण राष्ट्रीय लोकदल आपके और आपके परिवार के साथ खड़ा है।

# लिसाड़ी गेट थाने में शांति समिति की हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को थाना लिसाड़ी गेट में ईद उल जुहा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें कोतवाली सीओ आशुतोष, नगर मजिस्ट्रेट, और थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी अशोक कुमार ने पारंपरिक और शांतिपूर्वक तरीके से त्यौहार मनाने की लोगों से अपील की।

थाना लिसाड़ी गेट के सभी वार्ड के पार्षद मौजूद रहे। पुलिस ने प्रति. बंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाई है। उन्होंने नगर निगम को क्षेत्र में साफ सफाई के निर्देश दिए। नगर मजिस्ट्रेट ने जलकल विभाग को पेयजल व्यवस्था करने की बात कही। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी न करने और अवशेष को खुले में न फेंकने की हिदायत दी। नगर निगम को कूड़े और अवशेष को ढककर ले जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मौजूद रहे सीओ कोतवाली, नगर मजिस्ट्रेट, और थाना लिसाड़ी गेट प्रभारी व लिसाड़ी गेट क्षेत्र के वार्ड पार्षद, व पूर्व पार्षद, समाजसेवी आदि लोग मौजूद रहे।

# बसपा ने किया मेरठ में बड़ा फेरबदल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बसपा को मेरठ में मजबूत बनाने के लिए अब पार्टी की तरफ से बसपा प्रमुख ने मेरठ जिला प्रभारी के पद पर जितेंद्र अलीपुर को जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार के दिन उन्हें मेरठ जिला प्रभारी घोषित किया गया है। मेरठ जिला प्रभारी बनने के बाद जितेंद्र अलीपुर ने बसपा हाई कमान का आभार जताया है। वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हे बधाई दी है।



# कूड़े के पहाड़ों के खिलाफ सपा का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर में जगह-जगह लग रहे कूड़े के पहाड़ को लेकर समाजवाद पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान उन्होंने मांग कि है कि इन कूड़े के पहाड़ों को जल्द से जल्द हटाया जाए नहीं तो समाजवाद पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने का काम करेंगे। सोमवार को समा. जवाद पार्टी के जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता हाथों में बोर्ड और नारे लगाते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे। कहा कि शहर में चारों ओर गंदगी का अंबार लग रहा है जगह-जगह कूड़ो के पहाड़ बन रहे हैं। जनता गंदगी से परेशान हैं। गंदगी से बीमा. रियां फैल रही हैं। दुबारा कोरोना पैर पसार रहा है। जल्द से जल्द कचरे का सही निस्तारण किया जाए। लेकिन मेरठ में कोई ऐसा सिस्टम नजर नहीं आ रहा है।

# पांच दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा

## फार्मास्यूटिकल और लाइब्रेरी फार्मेसी कंपनी से की थी दवाई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** अभी करीब पांच दिन पूर्व जानी थाना क्षेत्र के अफजलपुर पावटी मार्ग पर ए टू जेड फार्मास्यूटिकल और लाइब्रेरी फार्मेसी कंपनी के गोदाम में अज्ञात चोरों ने कुंबल कर करीब तीन लाख की दवाई चोरी कर ली थी जिसकी सूचना चौकीदार द्वारा मलिक को दी गई। मलिक गौतम कुमार विश्वास ने जानी थाने में तहरीर देते हुए मुक. दमा पंजीकृत कराया था और चोर सीसीटीवी में चोरी करते हुए कैद हो गए थे। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर चेकिं. कंग के दौरान बागपत बाईपास स्थित राधा कुंज नाले के पास पुलिस ने चोरी के माल के सहित दो आरोपियों को दबोच लिया और गिरफ्तार कर जानी थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की। जिसके बाद उन्होंने चोरी की घटना को कबूला एक आरोपी पर तीन थानों के मुकदमे दर्ज हैं आरोपी की पहचान अंकित पुत्र कुलदीप निवासी रोहटा रोड कंकरखेड़ा के रूप में हुई है। दूसरा आरोपी आकाश पुत्र सुभाष जाटव निवासी मोहकमपुर टीपी नगर है। वहीं गोदाम मालिक ने अपने माल की पहचान करते हुए राहत की सांस ली।



# नमो भारत से आसान हुई छोटा हरिद्वार की यात्रा

## दिल्ली-मेरठ और आसपास के लोग पहुंचते हैं श्रद्धा के इस स्थल पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** देश की पहली नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ व आसपास के लोगों के लिए यात्रा को काफी आसान, सुगम और सुविधाजनक बना दिया है। दिल्ली-एनसीआर से छोटा हरिद्वार की यात्रा करना अब पहले से कहीं अधिक तीव्र और आसान हो गया है। सेमी हाई-स्पीड ट्रेन नमो भारत फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 55 किलोमीटर के सेक्शन में दौड़ रही है। इसी रूट पर- मुरादनगर नमो भारत स्टेशन है जहां से महज कुछ कदम की दूरी पर छोटा हरिद्वार है।

मुरादनगर स्थित छोटा हरिद्वार दिल्ली के आनंद विहार से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके लिए नमो भारत से केवल 22-23 मिनट का समय लगता है। आनंद विहार से मुरादनगर स्टेशन तक स्टैंडर्ड कोच में सफर करने के लिए केवल 80 रुपये किराया लगता है जबकि प्रीमियम में यह 95 रुपये होता है। वहीं, गाजियाबाद से इसकी दूरी लगभग 18 किलोमीटर है जिसके लिए स्टैंडर्ड में केवल 40 रुपये देने होते हैं और सफर महज 12 मिनट का होता है। मेरठ साउथ स्टेशन भूडबराल से छोटा



हरिद्वार करीब 23 किलोमीटर दूर है और ये दूरी 13 से 14 मिनट में पूरी हो जाती है, जिसके लिए नमो भारत में केवल 60 रुपये किराया लगता है। मुरादनगर स्टेशन से पैदल चलकर कुछ ही मिनटों में लोग छोटा हरिद्वार पहुंच जाते हैं। गंगनहर के किनारे स्थित यह एक धार्मिक स्थल है, जहां हरिद्वार जैसा ही माहौल देखने को मिलता है। यहां श्रद्धालु गंगा. जल भरने, पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। जो लोग समय की कमी या संसाधनों के कारण हरिद्वार नहीं जा पाते, उनके लिए यह स्थान एक बेहतर विकल्प बन गया है। अब गंगा दशहरा भी आने वाला है, जो ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस पावन पर्व पर शुभ मुहूर्त में लोग गंगा स्नान-दान व पूजन करते हैं। नमो भारत में यात्रा करना न केवल तीव्र है, बल्कि यह सफर पूरी तरह सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। इसमें वातानुकूलित कोच, बेहतरीन कुशन-सीटें, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट, स्वच्छता और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के लिए भी ये यात्रा बेहद सहज हो जाती है। इस ट्रेन से मुरादनगर और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक यात्रा और पर्यटन को नया आयाम दिया है। साथ ही स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यवसासियों को भी लाभ हो रहा है। आस्था और आधुनिकता का यह संगम आज के भारत की प्रगति और सांस्कृतिक मूल्यों को साथ लेकर चलने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# देश में गूंजेगी टाटा आयोडीन की धुन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पहले कैंपेन नमक हो टाटा का टाटा नमक को उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर, देश में आयोडीन युक्त नमक के नंबर 1 ब्रांड टाटा साल्ट ने, 'नमक हो टाटा का टाटा नमक' के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है। देश भर में लोगों का टाटा नमक से प्यार, और जुड़ाव को और गहरा बनाता ये कैंपेन, ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल को, ब्रांड के उद्देश्य से जोड़ते हुए, एक नए सिरे से पेश कर रहा है। इस कैंपेन के बारे में दीपिका भान, प्रेसिडेंट पैकेज्ड फूड्स, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड, कहती हैं, यह पिछले साल के हमारे कैंपेन का एक स्वाभाविक और खूबसूरत विस्तार है। देश का नमक सिर्फ एक जिंगल नहीं, बल्कि देश का विश्वास व भरोसा है।

# महमूदपुर सिखेड़ा में आरोपी के घर न्यायालय के आदेश पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव महमुदपुर सिखेड़ा में बीते दिनों राकेश व हरकेश पुत्रगण कश्मीरे में कहासुनी के बाद जमकर संघर्ष हो गया था। जिसमें राकेश व उसके परिवार के लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें पुलिस ने दोनों की तरफ से मुकदमा दर्ज कर लिया था। लेकिन अधिक चोट होने के कारण राकेश पक्ष से उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। मुकदमे में वांछित चल रहे लव कुश पुत्र हरकेश, हरकेश पुत्र कश्मीरे न्यायालय में पेश नहीं हो रहे है। पुलिस ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। जिसमें न्यायालय ने कुर्की का नोटिस चस्पा करने का आदेश दे दिया। न्यायालय का आदेश मानते हुए सोमवार को उपनिरीक्षक राक. ेश कुमार पुलिस टीम को साथ लेकर आरोपित हरकेश के घर पर जाकर नोटिस चस्पा कर दिया और ढोल वाले से मुनादी भी करा दी। उनका कहना है कि यदि उसके बाद भी न्यायालय में पेश नहीं होता है तो कुर्की की जाएगी।



# बींग ह्यूमन क्लोदिंग ने लॉन्च किया एसएस 25 कैंपेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बींग ह्युमन क्लोदिंग, जिसे दिल से फैशन ब्राण्ड के रूप में जाना जाता है, ने अपने एसएस25 कैंपेन का लॉन्च किया है, जो सजग जीवनशैली, वास्तविक कहानियों एवं बिंदास विकल्पों का जश्न है। फैशन को अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने के मिशन के साथ एसएस 25 एक सजग कंपनी बनने की बींग ह्युमन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपनी इस यात्रा के दौरान ब्राण्ड पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने और अधिकतम सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है। बींग ह्युमन का नया कलेक्शन 100 फीसदी फेयट्रेड, ओर्गेनिक एवं रीसायकल्ड कॉटन का संयोजन है।

# तक्षशिला पब्लिक स्कूल के दो छात्रों को जेईई एडवांस्ड में मिली सफलता



Shivank Maan
Rank- 919

Deepanshu Nain
Rank- 26453

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल के दो बच्चों ने जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। स्कूल के छात्र शिवांक मान ने रैंक 919 तथा दीपांशु नैन ने रैंक 26453 प्राप्त की। बच्चों की इस सफलता पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह व प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सभी शिक्षकों को जेईई एडवांस्ड में सफलता प्राप्त करने पर बधाईयां दीं व सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं अभिभावकों का कहना है कि इसका श्रेय तक्षशिला पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को जाता है। उन्होंने पूरी मेहनत लगन से छात्रों को इस काबिल बनाया।

# डीमोन्टफोर्ट स्कूल के टॉपर्स छात्र व छात्राओं को किया स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में बोर्ड परीक्षा के परिणामों के उपलक्ष्य में विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया।

विद्यालय की होनहार छात्रा गीत खरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शालिनी शर्मा ने 96 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और अक्षांत ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। टॉपर्स ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और सहयोग से ही वे इस मुकाम को हासिल कर पाए हैं। वहीं



उनके माता पिता ने भी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के अध्यापकों और स्कूल के प्रधानाचार्य को दिया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफलता संभव हुई। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं स्कूल के निर्देशक डॉ. के.के शर्मा ने बच्चों की मेहनत की सराहना की। स्कूल की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने उनका उत्साहवर्धन करके उनका आत्म विश्वास बढ़ाया। विद्यालय परिवार इन विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाए दी।

# सीवीपीएस के होनहारों ने जेईई एडवांस-2025 में मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स में अध्ययनरत छात्रों ने जेईई एडवांस 2025 में शानदार प्रदर्शन कर कामयाबी का परचम लहराया है। करन पिलानिया ने 3711 रैंक प्राप्त कर आईआईटी में प्रवेश का सपना सच कर दिखाया।

इसके साथ ही शिवांश तोमर ने 10393, माही ने 13359 और भव्य गुप्ता ने 14863 रैंक हासिल कर अपने सपनों को उड़ान दी है। इससे पहले करन ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा-2025 में 499/500 अंक प्राप्त कर नेशनल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया था। आर्यन के कुशल मार्गदर्शन, समर्पण और नेतृत्व में इन विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिखाया कि स्कूल में रहकर और बिना किसी बाहरी कोचिंग के भी उच्चतम स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रिंसिपल एन.पी. सिंह, इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के फाउंडर एवं सीईओ डॉ.आर्यन अग्रवाल, सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर एवं सभी शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके सुनहरे भविष्य की मंगल कामना की। इस दौरान छात्रों में तो खुशी की लहर है ही साथ ही अभिभावकों में भी उत्साह भरा हुआ है।

# तंबाकू स्वास्थ्य और समाज पर नकारात्मक असर डालता है: डॉ. अशोक कटारिया

## सुभारती डेन्टल कॉलेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती डेन्टल कॉलेज में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उज्ज्वल उत्पाद, काले इरादे, तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना, के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, विशिष्ट अतिथि संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य विभाग डॉ. अशोक तालियान, कुल.




पति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल, सुभारती डेन्टल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव, सुभारती मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एम.के मित्तल, डॉ. सत्यम खरे ने किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने कहा कि लोग खुद भी तम्बाकू छोड़ें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने तंबाकू के स्वास्थ्य पर प्रभाव, इसके कारण होने वाली बीमारियों और तंबाकू से छुटकारा पाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह समाज पर भी नकारात्मक असर डालता है। हमें इसे अपनी आदतों से बाहर करना होगा।

सुभारती डेन्टल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निखिल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू सेवन से हर साल लाखों लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। यह एक ऐसा नशा है जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देता है। हमें अपनी आदतों को बदलने और इस बुराई से मुक्ति पाने के लिए एक साथ प्रयास करना होगा।

# कुर्बानी के बाद गड्ढे में दबाए जाएं अवशेष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ईद उल अजहा को लेकर थाना परिसर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें त्यौहार को शांतिपूर्वक मानने की अपील की गई। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि तीन बातों का ईद पर विशेष ध्यान रखा जाए जिसमें खुले में कुर्बानी न करें। प्रतिबंधित पशुओं को न काटा जाये और कुर्बानी के बाद अवशेष खुले सार्वजनिक जगह में न डालें वहीं किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। नायब तहसीलदार अंकित तोमर ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर ईद को शांति पूर्वक मनाएं किसी भी असमाजिक तत्व को बक्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर चेयरमैन हिटलर त्यागी, मौलाना आरिफ जामा मस्जिद के इमाम, अबू बकर जरीफ प्रधान दुर्वेशपुर, इंतजार, सद्दाम मोहसिन गुड्डू बली, गौरव राणा आदि लोग मौजूद रहे।



## आईपीएल: श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

### सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान



**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था। बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टास जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

**आईपीएल-2025 फाइनल मैच आज शाम 7:30 बजे**

### बड़े मौकों पर संयम से अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है: श्रेयस

**अहमदाबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि बड़े मौकों पर जब आप संयम रखते है तो आपके अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेश अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आरसीबी के खिलाफ हार के बाद हमने इस पर अधिक बात नहीं की कि हमने कहां गलती की। हमें पता है कि हमने इस सत्र कैसा क्रिकेट खेला है। भले ही कुछ खिलाड़ियों को बड़े मौको पर खेलने का अनुभव नहीं है लेकिन वे साहसी हैं। युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों अय्यर ने कहा कि मैं उन्हें अधिक निर्देश नहीं देता, बस उन्हें उनके अंदाज़ में खेलने देता हूं। उनमें जो निडरता है, वही मुझे पसंद है। भले ही अनुभव कम हो, लेकिन उनके पास विचार होते हैं और वो उन्हें साझा भी करते हैं। आखिर में उन्होंने कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

## धीमी ओवर गति के लिए अय्यर-हार्दिक पर लगा जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरु हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

इस सत्र में पंजाब किंग्स की दूसरी बार धीमी ओवर रेट की गलती हुई इसलिए उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस की ओर से इस तरह की तीसरी गलती होने के कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, हालांकि पंजाब किंग्स के शेष खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो का जुर्माना लगाया गया। वहीं मुंबई के खिलाड़ियों पर यह राशि 12 लाख रुपये या 50 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि यह मुंबई इंडियंस की तीसरी धीमी ओवर रेट की गलती थी फिर भी हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ा जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 में झेलना पड़ा था। इसके कारण वह नए नियम लागू होने से पहले, आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

## बेंगलुरु-पंजाब अपना पहला खिताब जीतने उतरेंगी

- पंजाब किंग्स 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में हुई कामयाब
- आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में है

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है।

जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालीफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था। आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146-53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है। पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंगलिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### क्वालिफायर-2 में जीत के बाद प्रीति जिंटा ने किसे मारी आंख !

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा काफी खुश नजर आई। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक खिलाड़ी को आंख मारती दिख रही हैं। दरअसल, यह घटना मैच के बाद की है। प्रजेंटेशन सेरेमनी से पहले मशहूर अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा मैदान पर पहुंचीं। जीत के बाद वह काफी उत्साहित लग रहीं थीं। वह अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें प्रीति को पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को आंख मारते देखा जा सकता है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिख रहा है उसकी जर्सी का नंबर 19 है, जो कि नेहाल वढेरा पहनते हैं। फैंस इस वीडियो को साझा कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पंजाब की टीम ने 2014 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया।




## डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**नोंवे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को शानदार मुकाबले में मात दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनके ही देश में हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खेल में एक समय कार्लसन का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन गुकेश ने कार्लसन की खामियों का फायदा उठाते हुए बाजी पलटकर क्लासिकल मैच में शानदार जीत हासिल की। गुकेश की इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर 1-1 हो गया है। नोंवे शतरंज टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारुप में विश्व चैंपियन कार्लसन को मात दी हो। इससे पहले आर- प्रग्गनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया था।

**खेल विशेष**

### राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है।

उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

## पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

- मोहम्मद हारिस ने नाबाद 107 रन और सैम अयूब ने 45 रनों की शानदार पारी खेली

**लाहौर, वार्ता।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो- तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (एक) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने सैम अयूब 29 गेंदों में (45) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हसन नवाज 13 गेंदों में (26) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोहम्मद हारिस ने 46 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की मैच विजयी पारी खेली।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

- अर्जेंटीना ने अंतिम क्वॉटर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबले में जीत दर्ज की



**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें)मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाजू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैक्सवेल ने आज फाइनल वर्ड पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष 2022 में पैर टूटने के बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में असहज महसूस कर रहे थे। इससे टीम को नुकसान पहुंच रहा था। इसलिए मैंने एकदिवसीय क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट के उपलब्ध रहेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे लगा कि मेरे शरीर की प्रतिक्रिया टीम को नुकसान पहुंचा रही है। मैंने इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की। हम दोनों के बीच 2027 विश्वकप को लेकर चर्चा हुई, मैंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं तब तक खेल पाऊंगा। अब समय है कि इस जगह के लिए किसी अन्य खिलाड़ी को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि अगर मैं स्वयं बेहतर मानता हूं तो मैं अपनी जगह नहीं छोड़ूंगा। मैं केवल स्वार्थ के कारण कुछ श्रृंखला के लिए पकड़ बनाए रखना नहीं चाहता। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह निर्णय उन्हें अगली विश्वकप योजना के लिए बेहतर रास्ता देगा। मैक्सवेल ने एक दिवसीय क्रिकेट में 3990 रन, 33.81 की औसत से और 149 मैचों में 77 विकेट लिए है। उन्होंने 2011 में केवल 19 गेंदों में ऑस्ट्रेलियाई घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया था। उन्होंने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। क्लासेन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टग्राम पर लिखा कि यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने कि घोषण कर रहा हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा होगा। यह वास्तव में एक बहुत ही कठिन निर्णय था, लेकिन साथ ही मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 एकदिवसीय और 58 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने चार टेस्ट में 104 रन, 60 एकदिवसीय में 2141 रन और 58 टी-20 में एक हजार रन बनाए।

## स्टुअर्ट ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोचिंग में पहली भूमिका होगी। 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की तैयारी में मदद करेंगे। ब्रॉड नौ जून होने वाले अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक 153 विकेट लिए है।

# सीडीएस की साफगोई

चार दिनों तक भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प में सरकार की तरफ से अभी तक इस बात का कोई माकूल जवाब नहीं आया कि उस संघर्ष में हमारे भारतीय लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, लेकिन भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में उन अटकलों को और हवा दे दी कि यह जरूरी नहीं है कि विमान गिराया गया है या नहीं जरूरी यह बात है कि ऐसा क्यों हुआ और उससे हमने कितनी जल्दी सीखा। अनिल चौहान सिंगापुर के इस समय दौरे पर हैं और वह वहां शांगरी ला डायलाग में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। उन्होंने बुलु मर्ग टीवी और राइटर्स को दो अलग-अलग इंटरव्यू दिए। जिसमें उनसे भारत-पाक के बीच सैन्य झड़प को लेकर सवाल पूछे गए। इसमें एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि इस संघर्ष में कम से कम एक जेट गिराया गया था, क्या यह सही है। अनिल चौहान ने इसे बिल्कुल गलत बताया और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह पाक छह लड़ाकू विमान गिराने की बात कर रहा है वह पूरी तरह गलत है। अनिल चौहान का यह भी कहना था कि जेट क्यों गिरे, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण यह है कि वहां हमने क्या किया, यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। उनसे पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती कह चुके हैं कि युद्ध में नुकसान तो होता ही है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। हमें अपने उद्देश्य देखने होंगे। सवाल यह है कि सरकार इस पूरे मसले पर क्यों कननी काट रही है, क्योंकि दस मई को हुए सीज फायर के बाद देश के भीतर यह सवाल बराबर उठ रहा है कि चार दिन तक चले संघर्ष में हमें कोई नुकसान हुआ या नहीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेता यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं कि उस लड़ाई में हमारे कितने विमान काम आए। सरकार इस सवाल से बराबर कननी काट रही है और इशारा देती रही है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब सीडीएस सिंगापुर में जाकर अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, नुकसान की बात स्वीकार करते हैं। जहां तक बात पाकिस्तान की है वह शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि उसने भारत के छह राफेल विमान गिराए हैं। जाहिर सी बात है कि प्रोपेगंडा युद्ध में किसी की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और पाक जैसे देश पर तो बिल्कुल भी नहीं। असल सवाल यह है कि आखिर सरकार देश व जनता को पाक के साथ संघर्ष में जो सही वस्तु:स्थिति है उसे बताने से क्यों कतरा रही है। युद्ध में नुकसान होना कोई नई बात नहीं है और न ही यह कोई अपमानित होने का मामला है। हर कोई जानता है कि संघर्ष में जोखिम तो रहता ही है। असल चीज अपना मकसद होता है। अगर कुछ कीमत चुकाकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें, तो वह सफलता ही कही जाएगी और पाक के साथ हम पूरी तरह अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जो बातें उन्होंने जाकर सिंगापुर में कही वह अपने देश में ही कहनी चाहिए थीं और हमारे पत्रकारों को ही उनसे सवाल करने चाहिए थे न कि विदेशी पत्रकारों को।

## राजनीतिक वफादारी का आकलन दुखद



भारत जब आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, यह दुखद है, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है, भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है, हम कई पार्टियों से हैं, हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं, हम भारत के कई धर्मों से हैं, अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है, तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं , भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं।

**-सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें





ललित गर्ग

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जाएगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गई है? यह प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फलस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनियाभर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है, लेकिन हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनियाभर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नई बन रही विश्व संरचना के लिए गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिए जागरूकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पाई गई। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं। 1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हंसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहां तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है। इन क्रूर एवं अमानवीय स्थितियों का मासूम बच्चों पर भारी दुष्प्रभाव पड़ता है और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त दुनिया की कल्पना कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. आरिया उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. आरिया के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकध्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. आरिया बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आरिया आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके



बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न र्सिफ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हीड हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**इन कारणों से होता है सिरदर्द**

- हीट रिलेटेड डिजीज
- डिहाइड्रेशन
- अपर्याप्त नींद
- शराब का सेवन
- देर तक भूखा रहना
- सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण
- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक**

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4°C से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर**

आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है। इन दोनों का इलाज और बचाव के तरीके भी अलग-अलग होते हैं।

**बच्चों व बुजुर्गों में सिरदर्द कैसे पहचानें**

बच्चे और बुजुर्गों दोनों में गर्मी और डिहाइड्रेशन को बर्दाश्त करने की क्षमता कम होती है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। बच्चों में सिरदर्द के साथ चिड़चिड़ापन, सुस्ती, रोना और भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं बुजुर्गों में ज्यादा पसीना आना, कमजोरी और सिर भारी लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में सिर दर्द से बचने के लिए खूब पानी पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय बिलकुल भी धूप में नहीं निकलना चाहिए।

**उपाय**

- खूब पानी पिएं।
- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन के समय हैवी फिजिकल एक्टिविटी करने से बचना चाहिए।
- गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर आदि का इस्तेमाल करें।
- दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- अगर बाहर का काम है, तो बीच-बीच में ब्रेक लेना चाहिए।
- किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से फौरन संपर्क करें।

**सिरदर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**

- नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने के साथ डिहाइड्रेशन से राहत मिलती है।
- तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो रहा है, तो ठंडी और हवादार जगह पर जाएं।
- गीले तौलिए से या फिर आइस क्यूब को माथे पर रखने से सिरदर्द की समस्या से राहत मिल सकती है।
- सिरदर्द की समस्या होने पर किसी शांत और ठंडे कमरे में थोड़ी देर आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।
- इसके साथ ही डाइट में खीरा, तरबूज, सलाद और मौसमी फलों व सब्जियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर ठंडा रहता है।
- रोजाना अच्छी और गहरी नींद लें। क्योंकि नींद की कमी होने पर भी सिरदर्द ट्रिगर कर सकता है।

**सिरदर्द का कारण**

- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड्स का सेवन
- ज्यादा कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन
- ज्यादा मसालेदार और तलाभुना भोजन करना
- सिगरेट और शराब का सेवन
- आइस्क्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स
- तेज सिरदर्द होने पर क्या करें
- तेज सिरदर्द की समस्या होने पर फौरन ठंडी जगह पर जाएं और थोड़ी देर आराम करें। वहीं थोड़ी-थोड़ी देर में धीरे-धीरे पानी पीते रहें और माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। वहीं जरूरत के हिसाब से डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**ओवर द काउंट दवाएं**

गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में कुछ ओवर द काउंट दवाएं आपको आराम दिला सकती हैं। हालांकि इसका नियमित सेवन करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

........................

**डॉक्टर की लें सलाह**

वैसे तो अधिकतर मामलों में यदि व्यक्ति गर्मी से दूर हो जाता है या पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, तो समय के साथ सिरदर्द की समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन सिरदर्द यदि बहुत तेज हो रहा है और लगातार दर्द बना हुआ है। इसके साथ ही गर्दन में अकड़न, और तेज बुखार की समस्या देखने को मिलती है, तो आपको बिना देर किए फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है।**

# रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांति वार्ता एक घंटे में खत्म

## कैदियों की अदला-बदली पर सहमति, दोनों देश 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्की से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6000-6000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा: इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। 16 मई को इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच 4 पॉइंट पर बातचीत हुई।

- इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच दो घंटे बातचीत हुई थी
- यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा



### कैदी अदला-बदली:

16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी। जिसके बाद दोनों ने कैदी रिहा किए।

### सीजफायर:

यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिज्झिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

### शांति समझौता:


तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।

### क्षेत्रों पर नियंत्रण:

दोनों देशों के बीच सुरक्षा गारंटी और प्रतिबंधों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। रूस ने क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण की मांग की, जबकि यूक्रेन ने अपनी संप्रभुता की रक्षा पर जोर दिया।रूस ने माना- यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे।

## रूस ने 162 यूक्रेनी विमान मार गिराने का किया दावा

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया है, जिनमें से सबसे अधिक कुर्स्क क्षेत्र के ऊपर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि एक जून को मॉस्को को रात आठ बजकर 10 मिनट से दो जून को अपराह्न दो बजे तक की अवधि में वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 162 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुर्स्क क्षेत्र में 57 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 31 और लिपेत्स्क क्षेत्र में 27, वोरोनिश क्षेत्र में 16, ब्रांस्क और रियाज़ान क्षेत्रों में 11-11 ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा ओर्योल क्षेत्र में छह ड्रोन, क्रीमिया के क्षेत्र में दो और तांबोव क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया है।



नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल के साथ समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

### पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा

- यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

**नई दिल्ली।** भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। मोदी ने कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है।

## इजरायल ने यमन की दागी मिसाइल को किया नष्ट

- 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गई मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं। इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है।

### लेबनान पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में रविवार शाम हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मारे गए सदस्य की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य मोहम्मद अली सरूर के रूप में हुई है, जो दक्षिणी लेबनान के मध्य क्षेत्र में स्थित ऐता अल-शाब गांव का निवासी था। यह हवाई हमला हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बावजूद हुआ।

## बदलाव: बांग्लादेश की करेंसी पर होंगी हिन्दू बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

### केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए

**ढाका।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है।

खान ने आगे कहा: नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटे के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें होंगी, जो बांग्लादेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं।



- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे

प्रसिद्ध बांग्लादेशी चित्रकार जैनुल आबदीन की कलाकृतियां, जो 1943 के बंगाल अकाल (ब्रिटिश शासन के दौरान) को दर्शाती हैं, नोटों पर होंगी। एक डिज़ाइन में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक शामिल है। नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल होंगे, जो बांग्लादेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करेंगे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी हासिल की, तब शुरुआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था।

## अमेरिका के कोलोराडो में इजरायल समर्थकों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में एक संदिग्ध ने फ्री फलस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव काकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव काकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फार देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजरायली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था।



- लोगों पर पेट्रोल बम फेंका आठ लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बान्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## जापान अमेरिकी टैरिफ में संशोधन की मांग जारी रखेगा: हयाशी

**टोक्यो।** जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापार टैरिफ की निंदा करता है और इसमें संशोधन की मांग जारी रखेगा।

हयाशी ने एक ब्रीफिंग में कहा हम उपायों के विशिष्ट विवरणों की बारीकी से निगरानी करेंगे, जिनका खुलासा भविष्य में किया जाएगा। अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला बेहद खेदजनक है और हम उनके संशोधन का आग्रह करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को चार जून से प्रभावी स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर टैरिफ में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। जापान ने शुल्क संशोधन पर अमेरिका के साथ पहले ही चार दौर की बातचीत की है। पिछले दौर के दौरान इन्होंने जून में फिर से मिलने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक के लिए मंच तैयार किया जा सके। टोक्यो ने अब तक सभी टैरिफ को पूरी तरह से हटाने पर जोर दिया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जापानी कार निर्माताओं के योगदान का हवाला दिया गया है, जिसमें लगभग 61 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश और 23 लाख नौकरियां शामिल हैं।

## लीबियाई सेना ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफ्रीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का खतरा

### 55% लोगों का मानना: विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं।

रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। सर्वे में शामिल 55 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76 प्रतिशत का मानना है कि वर्ल्ड वार में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा। यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि कई यूरोपीय देशों के नागरिकों में अपनी सेनाओं की रक्षा क्षमता पर भरोसा कम है। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। फ्रांस (72 प्रतिशत), जर्मनी (70 प्रतिशत) और ब्रिटेन (66 प्रतिशत) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 प्रतिशत है। 77 प्रतिशत फ्रांसीसी और 60 प्रतिशत जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52 प्रतिशत लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं। 60 प्रतिशत का मानना है कि अमेरिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। यह डर दिखाता है कि इतिहास की गलतियां दोहराने की आशंका अभी खत्म नहीं हुई है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82 प्रतिशत और अमेरिका के 69 प्रतिशत लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66 प्रतिशत ने नाटो और 60 प्रतिशत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति के लिए अहम माना 66 प्रतिशत लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना।

- लोगों को यह भी डर है, यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा

## हमास ने गाजा शांति वार्ता की इच्छा जताई

**गाजा/यरूशलम।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम पर अप्रत्यक्ष वार्ता तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वह युद्ध विराम समझौते के लिए कतर और मिस्र द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि वह 'दूसरे पक्ष' के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अप्रत्यक्ष वार्ता का एक दौर तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने कहा कि उसका वार्ता का उद्देश्य गाजा में 'मानवीय तबाही' को समाप्त करना, फलस्तीनी लोगों को राहत सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करना और गाजा पट्टी से इजरायली बलों की पूरी तरह वापसी के साथ एक स्थाई युद्ध विराम हासिल करना होगा। हमास की इस घोषणा के बारे में इजरायली पक्ष की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इजरायली सेना बल प्रमुख इयाल ज़मीर ने गाजा पट्टी के दक्षिणी और उत्तरी दोनों हिस्सों में अतिरिक्त क्षेत्रों में जमीनी अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
- Russia
- Georgia
- Kazakistan
- Kyragyzstan
- Uzbekistan
- Iran
- Bangladesh
- Nepal
- China
- Europe
- Egypt
- Armenia
- U.K.
- Canada
- U.S.A.
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor